# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025



ITSA HOSPITALS

HEALTHCARE.
HOSPITALITY.
HARMONY.

350-Bedded State-of-Art Hospital

Multispecialty Wing
Pediatric Wing
Wellness Wing

Your Well-Being is Our Priority.



भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने पहले ही कर दिया है वर्गीकृत

# अंबानी-आरकॉम की मुश्किलें बढ़ीं, अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषित किया फ्रॉड

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितंबर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है।



### 12 साल से अधिक पुराना मामला

बैंक ने बताया है कि धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों व टिप्पणियों पर आधारित है। उनके अनुसार ऐसा करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तहत है। अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों में की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि अनिल अंबानी 2006 में आरकॉम की स्थापना से लेकर 2019 में बोर्ड से इस्तीफा देने तक (यानी छह साल पहले तक) बोर्ड में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे। बयान में कहा गया है कि अंबानी ने सभी आरोपों और अभियोगों से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि वे कानूनी सलाह के अनुसार उपलब्ध उपायों पर आगे बढ़ेंगे।

### 2017 में ही खातों को घोषित कर दिया था एनपीए

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, 'इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।' आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन

# बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस मुंबई पुलिस ने जारी किया है। मुंबई पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में की गई है। नोटिस अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ है। मामले में अधिक जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने यह लुक आउट सर्कुलर जारी किया है, क्योंकि यह दंपति अक्सर अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करता रहता है। अभिनेत्री और मॉडल शिल्पा शेट्टी नवंबर, 2009 में राज कुंद्रा के साथ विवाह बंधन में बंधी थीं।



### यह है मामला

मुंबई पुलिस के अनुसा बॉलीवुड की अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू पुलिस स्टेशन एक केस दर्ज किया गया था। यह केस एक कारोबारी से लोन कम निवेश सौदे में लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। लुकआउट सर्कुलर एक ऐसी नोटिस होती है जो संबंधित व्यक्ति को देश छोड़ने से रोकती है। इसके जरिए इंफोर्समेंट एजेंसी एमीग्रेशन और सीमा नियंत्रण चौकियों को अलर्ट करती हैं। राज कंद्रा और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ दर्ज हुए मामले की जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) कर रही है।

### एक व्यापारी ने लगाया है आरोप

शिकायतकर्ता व्यापारी दीपक कोठारी का आरोप है कि साल 2015 से 2023 के बीच शिल्पा और राज ने बिजनेस बढ़ाने के नाम पर उनसे 60 करोड़ रुपये लिए थे। यह रकम बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए ली गई थी। शुरुआत में इसे लोन बताकर पैसे मांगे गए थे, लेकिन बाद में टैक्स बचाने का हवाला देकर इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाया गया। कोठारी का कहना है कि उन्हें मीटिंग में आश्वासन दिया गया था कि तय समय में 12% सालाना ब्याज के साथ पैसे लौटा दिए जाएंगे, लेकिन कंपनी के नाम लिए गए रुपये निजी खर्चों में उड़ा दिए गए।

## खबर संक्षेप

### घर-घर जाकर विकास के बारे में बताएं : नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना जिले में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 1159 करोड़ 84 लाख रुपए लागत की कुल 17 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होने पालीगंज के सिकरिया ग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। सीएम नीतीश में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर बिहार के विकास के बारे में बताएं। अब कुछ ही दिनों में चुनाव होने हैं, इसीलिए आप सभी सक्रिय रहें।

### सरकार के एजेंडे में रोजगार शामिल नहीं



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र की भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के एजेंडे में रोजगार शामिल ही नहीं है। ये सरकार सरकारी संस्थानों को खत्म कर रही है। पढ़ाई-लिखाई कमजोर करने की साजिश है, ताकि लोग सवाल न कर सकें। चुनावी माहौल के बीच उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह की जुगाड़बाजी कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग, प्रशासन और सरकार पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए।

### अपने ही मंत्री राजभर को एबीवीपी का लीगल नोटिस



**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री ओपी राजभर को एबीवीपी की तरफ से लीगल नोटिस भेजा गया है। ओपी राजभर पर आरोप है कि उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के लिए कथित रूप से गुंडा शब्द का इस्तेमाल किया गया था। इस मसले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता पूरे यूपी में प्रदर्शन कर रहे हैं। एबीवीपी ने ओपी राजभर को लीगल नोटिस भेजकर पांच दिन में सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की है। एबीवीपी ने राजभर से कहा है कि कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उनपर मानहानि का केस किया जाएगा।

भाजपा-जेडीयू ने कहा- यह बिहारियों का अपमान

# बी से बीड़ी, बी से बिहार...केरल कांग्रेस के ट्वीट से मचा दिल्ली से बिहार तक सियासी बवाल

एजेंसी ▸▸ तिरुवनन्तपुरम

कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की मां के लिए अपशब्द कहने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि कांग्रेस की केरल इकाई के एक ट्वीट ने बिहार से लेकर दिल्ली तक सियासी भूचाल ला दिया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट लिख बीड़ी पर जीएसटी दर में कटौती को बिहार से जोड़ा। हालांकि बाद में इस पोस्ट को हटा दिया गया। कांग्रेस के इस कदम की जेडीयू ने कड़ी आलोचना की। जेडीयू ने कांग्रेस पर बिहार का अपमान करने का आरोप लगाया। जेडीयू का कहना है कि बिहार के लोग आने वाले चुनावों में कांग्रेस को जवाब देंगे। हालांकि कांग्रेस की ओर से अभी तक इस विवाद पर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इधर, तेजस्वी यादव ने भी कहा कि इस मामले में कांग्रेस को माफी मांगना चाहिए। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर हमला बोला और 'बी फॉर बीड़ी, बी फॉर बिहार' वाले पोस्ट को बिहारियों का अपमान बताया।




### कांग्रेस ने ट्वीट में क्या लिखा

इस ट्वीट में बीड़ी पर जीएसटी कटौती को बिहार से जोड़ते हुए लिखा गया कि बी से बीड़ी, बी से बिहार, अब इसे पाप नहीं माना जा सकता। यह पोस्ट केंद्र सरकार की ओर से घोषित नई जीएसटी व्यवस्था पर टिप्पणी थी, जिसमें सिगार और सिगरेट पर कर 28% से बढ़ाकर 40% कर दिया गया है। तंबाकू पर भी 28% से 40% कर लगाया गया है, जबकि बीड़ी पर टैक्स घटाकर 28% से 18% कर दिया गया है।

**झा बोले- 'बी' से बुद्धि, जो कांग्रेस के पास नहीं है:** मंत्री झा ने कांग्रेस को लताड़ लगाते हुए कहा कि 'बी' सिर्फ बीड़ी नहीं है, बल्कि 'बुद्धि' भी है, जो कांग्रेस के पास नहीं है। 'बी' का मतलब बजट भी है, जो कांग्रेस को तब परेशान करता है जब बिहार को विशेष सहायता मिलती है।

### अब आप और कितना गिरेंगे : रविशंकर



पटना साहिब भाजपा लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने दिल्ली में प्रेस वार्ता कर कहा कि बिहार का अपमान कर कांग्रेस ने अपनी सोच को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा, "बिहार की तुलना आप बीड़ी से करेंगे? आप कितना गिरेंगे? यह सीधा बिहार और बिहारियों की अस्मिता पर प्रहार है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में भी पहले अभद्र टिप्पणी की गई थी और अब तक कांग्रेस ने उस पर माफी नहीं मांगी है।

### 'बिहारियों का अपमान करने में कांग्रेस माहिर

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने इसे दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि बिहार का अपमान करना, भारत की आत्मा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कांग्रेस के चाल-चरित्र पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस की मानसिकता एक बार फिर उजागर हो गई है। ये सिर्फ बिहारियों का अपमान कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आरजेडी के नेता जानबूझकर बिहारियों का अपमान करते हैं और इसमें उन्हें आनंद आता है।

### कांग्रेस को तत्काल माफी मांगनी चाहिए : तेजस्वी



'बीड़ी' विवाद को लेकर मीडिया ने तेजस्वी यादव से रिएक्शन लेने की कोशिश की थी। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। दरअसल, मीडिया कर्मियों ने तेजस्वी यादव को बताया कि कांग्रेस की ओर से इस तरह की पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की गई है। इस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। यदि बिहार को लेकर ऐसी कोई आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है तो कांग्रेस को जरूर माफी मांगनी चाहिए। तेजस्वी के इतना कहने पर मीडिया कर्मी और सवाल दागते हैं। इस सवाल को तेजस्वी यादव टालते हुए नजर आते हैं। वह कहते हैं कि अच्छा बाद में बात करते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।

# ट्रंप के सलाहकार नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सख्ती से किया खारिज



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों से गुजरा है, लेकिन हमेशा मजबूत रहा है। भारत चाहता है कि यह साझेदारी आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ती रहे। उन्होंने एच-1बी वीजा के मामले में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गतिशीलता साझेदारी इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

### क्वाड और यूक्रेन पर भारत का रुख

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक मुद्दों पर लगातार बातचीत कर रहा है। उन्होंने क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) को साझा हितों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया और कहा कि इसका अगला नेताओं का शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के बीच राजनयिक परामर्श के बाद तय होगा।

### यह कहा था नवारो ने

ट्रंप के करीबी नवारो ने हाल ही में तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना की और कहा था कि यह कदम यूक्रेन संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। भारत यूरोप, अफ्रीका और एशिया के बाजारों में रूसी तेल बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। रूसी तेल खरीद के कारण भारत में सिर्फ ब्राह्मण ही मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

हाईकोर्ट का फैसला पलटा

# एससी/एसटी एक्ट में जमानत पर सीजेआई ने खींची लक्ष्मण रेखा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाल ही में एक फैसला सुनाते हुए कहा है कि दलितों के खिलाफ उत्पीड़न से जुड़े मामले यानी एससी/एसटी एक्ट 1989 के तहत दर्ज मामलों में किसी भी आरोपी को अग्रिम जमानत तभी दी जा सकती है, जब स्पष्ट रूप से यह साबित हो कि आरोपी के खिलाफ प्रथम द्रष्टया कोई मामला न बनता हो। यानी पहली नजर में ही यह तथ्य साबित हो जाए कि आरोपी ने दलित समुदाय के प्रति कोई हिंसा नहीं की है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस



के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को कमजोर वर्ग की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से लाया गया था और यह आरोपी को गिरफ्तारी से पूर्व जमानत देने पर रोक लगाता है।

### एससी/एसटी एक्ट की धारा 18 का उल्लेख

पीठ ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 18 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धारा आरोपी को अग्रिम जमानत देने पर रोक लगाती है। हालांकि, पीठ ने ऐसे मामलों में अग्रिम जमानत देने के लिए स्पष्ट रेखा खींचते हुए कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 के तहत अगर प्रथम द्रष्टया यह साबित होता है कि आरोपी ने इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं किया है तो अदालत आरोपी को CRPC की धारा 438 के तहत दायर आवेदनों पर विचार करते हुए अग्रिम जमानत देने का विवेकाधिकार रखता है।

## भारत में पहली टेस्ला कार की डिलीवरी...




**मुंबई।** दुनिया के सबसे रईस शख्स एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने शुक्रवार को भारतीय बाजार में अपनी पहली कार 'टेस्ला मॉडल वाय' के पहले यूनिट की डिलीवरी की है। कंपनी ने इस कार की डिलीवरी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित हाल ही में खुले 'टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर' से की है। भारत में टेस्ला की आधिकारिक एंट्री के बाद पहले कार के मालिक महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक बने हैं। उन्होंनें कंपनी के आधिकारिक आउटलेट से सीधे टेस्ला कार की डिलीवरी ली है।

सीडीएस चौहान ने गिनाए बड़े खतरे, आधुनिक तैयारियों पर दिया जोर

# चीन के साथ सीमा विवाद को बताया सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸ गोरखपुर

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि देशों के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं, वे अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती हैं। मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती है और यह आगे भी बनी रहेगी।

*युद्ध के क्षेत्र में अब साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल*



### लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन

सीडीएस ने कहा कि युद्ध राजनीति का विस्तार है। युद्ध और भू-राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। युद्ध राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने का माध्यम है। लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करती हैं। जब सरकार मानती है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा बल प्रयोग जरूरी है, तो हमारे दो कर्तव्य हैं: सरकार को बल प्रयोग के लिए अधिक विकल्प देना और सरकार का अपनी सेना पर भरोसा बढ़ाना।

### भारत ने बदली पाक के साथ युद्ध रणनीति

जनरल चौहान ने कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक में हमने जमीन के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश कर आतंकी शिविरों को नष्ट किया था। पुलवामा के बाद हमने खैबर पख्तूनख्वा में टारगेट सेट करके हवाई हमले किए। जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, तब तक हमने अपनी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ा लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर में मिली थी पूरी स्वतंत्रता

सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। हमने दुश्मन को चौंकाने और संयमित हमले की योजना बनाई थी लेकिन राजनीतिक नेतृत्व के साथ चर्चा में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बहावलपुर और मुरिदके स्थित आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए हवाई हमले आवश्यक थे।

*बहुत विवादास्पद मैसेज किया था पोस्ट*

# ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री के एक्स खाते को सरकार ने किया बैन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। दरअसल जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही भारत सरकार के गृह मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस वायरल पोस्ट को नोटिस किया और एक्स को भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए खाते तक पहुंच रोकने का




निर्देश दिया। तब से भारत में यह खाता बैन कर दिया गया है। फेहलिंगर-जहान ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारत को तोड़कर एक्स इंडिया बनाने का आह्वान करता हूं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के आदमी हैं। हमें खालिस्तान के लिए आजादी चाहने वाले दोस्तों की जरूरत है।'

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025


*वित्तमंत्री ओपी से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद*

# जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं। जीएसटी में जो भी बदलाव किए गए हैं, वो विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला बड़ा कदम है। इसमें संदेह नहीं है कि बड़े फैसले लेने की क्षमता नरेंद्र मोदी के अलावा किसी और में नहीं है। यह बातें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्थक संवाद में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से की। पेश हैं संवाद के प्रमुख अंश।

खास खबर




## चौधरी ने कहा, मोदी में साहसिक फैसले लेने की क्षमता, उनके नेतृत्व में ही भारत विकसित होगा

▶▶ *लोग हैरत में तो हैं ही, आप खुद कितने थे जब आपको पता चला कि जीएसटी में इतने बड़े बदलाव किए जाने वाले हैं?*

▶▶ *प्रधानमंत्री बिग रिफार्म के लिए जाने जाते हैं। आज हम जीएसटी की चर्चा कर रहे हैं, कुछ समय पहले उन्होंने इसी तरह से आयकर के मामले में किया था।*

▶▶ *अभी तो चुनाव भी नहीं है, क्या सरकार के पास पैसा ज्यादा हो गया है कि रखने की जगह भी नहीं मिल रही है?*

▶▶ *प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वे राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है तो उसमें टैक्स का बैस बढ़ता है। यानी टैक्स देने वाले बढ़ते हैं। जैसे-जैसे टैक्स बढ़ता है तो टैक्स को कम भी करते हैं। टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की जेब में जाता है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है।*

▶▶ *पहले चार स्लैब थे, अब दो किए गए, इसके पीछे की वजह क्या है?*

▶▶ *एक चरण वो था एक चरण ये है। उस समय देश की स्थिति अलग थी, इस समय अलग है। जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू की गई। उसके पहले देश में 17 प्रकार के टैक्स लगते थे। इससे व्यापारी भी परेशान और प्रताड़ित होते थे। कई तरह के भ्रष्टाचार का भी सामना करना पड़ता था। जीएसटी के लिए राहुल गांधी कहते हैं गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली। गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली तो वो थी जिसे कांग्रेस ने कभी सुधारने की कोशिश नहीं की। पहले टैक्स पर टैक्स लगता था। आटे पर टैक्स लगता था, फिर ब्रेड पर टैक्स लगता था, फिर सैंडविच पर टैक्स लगता था। उसको भी समाप्त करना जरूरी था। जीएसटी में एक देश एक* ▶▶ शेष पेज 7 पर






## खबर संक्षेप

### हथियार तस्करी में तीन बंदूक दुकान मालिक गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मध्य कोलकाता स्थित लाइसेंसी बंदूक की एक दुकान के तीन सह-मालिकों को राज्य में सक्रिय एक हथियार तस्कर गिरोह को अपंजीकृत हथियार कथित तौर पर बेचने के लिए गिरफ्तार किया गया।

### सैक्स रैकेट चलाने के आरोप में अभिनेत्री गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 41 वर्षीय एक टीवी अभिनेत्री व उसकी सहयोगी को वेश्यावृत्ति गिरोह संचालित करने और अभिनय में दिलचस्पी रखने वाली महिलाओं को इस अवैध धंधे में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने दो लोगों को नकली ग्राहक बनाकर भेजा, जिन्होंने अनुष्का मोनी नाम की आरोपी से संपर्क किया।

### मणिपुर में 11 करोड़ की ब्राउन शुगर सहित दस गिरफ्तार



**इंफाल।** चुराचांदपुर और सेनापति जिलों से सुरक्षा बलों ने दस लोगों के कब्जे से 11 करोड़ से अधिक मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद की। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के लामजांग में चार लोगों के पास से 5.5 किलो ब्राउन शुगर बरामद की।

### माता वैष्णो देवी यात्रा 11वें दिन भी स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए यात्रा शुक्रवार को लगातार 11वें दिन भी स्थगित रही। छब्बीस अगस्त को भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय सभी पहलुओं का आकलन करने के बाद उचित समय पर लिया जाएगा।

### सीएम माझी के विमान को कोलकाता भेजा गया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को लेकर आ रहा एक विमान शुक्रवार सुबह खराब मौसम के कारण भुवनेश्वर में नहीं उतर सका और उसे कोलकाता भेज दिया गया। बता दें कि दिल्ली का पांच दिवसीय दौरा करके लौट रहे थे।

विधि, नव्या को आमने-सामने बैठाकर पुलिस ने की पूछताछ

# ड्रग केस में खुल रहीं परतें, विधायक पुत्र के खाते से सप्लायर को हुए थे 18 लाख ट्रांसफर

## ड्रग आपूर्ति करने वाले की पहचान करने का पुलिस का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमडीएमए ड्रग मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस को रोज नई-नई जानकारी मिल रही है। ड्रग रैकेट मामले में नव्या मलिक के ब्वाय फ्रेंड अयान परवेज के बारे में पुलिस को अहम जानकारी मिली है। ड्रग की काली कमाई से अयान द्वारा मैग्नेटो मॉल के पीछे दो हजार वर्गफीट जमीन खरीदने तथा खरीदी गई जमीन में तीन मंजिला मकान बनाने की जानकारी पुलिस को मिली है। इसकी कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। अयान द्वारा यह प्रापर्टी ड्रग कारोबार के साथ नव्या से ब्लैकमेल कर हासिल रकम से खरीदी गई है। चौंकाने वाली जानकारी यह भी है कि नव्या के एकाउंट में एक विधायक के पुत्र ने बड़ी राशि ट्रांसफर की है।

हरिभूमि फॉलोअप

नव्या मलिक तथा विधि अग्रवाल को पुलिस ने शुक्रवार को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान दोनों लड़कियां एक दूसरे पर आरोप लगा रही थीं। लंबी पूछताछ के बाद नव्या तथा विधि ने पुलिस के सामने ड्रग कारोबार से जुड़े होने का अपराध कबूल किया है। नव्या की तरह विधि देश के कई अलग-अलग राज्यों में रही है। विधि पिछले तीन-चार साल से रायपुर में निवास कर रही है। विधि तथा उसका परिवार मूल रूप से ओडिशा, संबलपुर का रहने वाला है। विधि के पिता करीब सात-आठ वर्ष पूर्व रायगढ़ में शिफ्ट हुए हैं।

04 सितंबर को प्रकाशित खबर



मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म
दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या

05 सितंबर को प्रकाशित खबर



टूट रहा ड्रग के धंधे का तिलस्म, इवेंट की आड़ में नशे का कारोबार करने वाली मैनेजर समेत चार दबोचे गए

### कोलकाता में पढ़ाई करने के बाद इवेंट मैनेजमेंट से जुड़ी

विधि अग्रवाल प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद कालेज की पढ़ाई पश्चिम बंगाल, कोलकोता में की है। कोलकाता में विधि ने इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद विधि गोवा, बेंगलुरु में इवेंट का काम करती थी। बताया जा रहा है, इस दौरान वह ड्रग संचालित करने वाले गिरोह के चंगुल में फंस गई और वहीं से वह ड्रग सप्लाई करने के साथ ड्रग लेने की आदी हो गई। दिव्या तीन साल से रायपुर में रहकर पाकिस्तान ड्रग रैकेट से जुड़े जुनैद उर्फ शेख चिल्ला के साथ मिलकर क्लब, पब तथा होटल में ड्रग खपाने का काम करती थी।

### विधायक के बेटे ने किए 18 लाख रुपए ट्रांजेक्शन

नव्या के अकाउंट की जांच करने पर उसके अकाउंट में एक विधायक के बेटे द्वारा 18 लाख रुपए ट्रांजेक्शन करने की पुलिस को जानकारी मिली है। विधायक के बेटे ने नव्या के अकाउंट में इतनी भारी भरकम राशि क्यों ट्रांसफर की, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। रकम ट्रांसफर वर्ष 2023-24 के बीच किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में पुलिस किसी भी तरह से जानकारी देने से बच रही है।

### ड्रग आपूर्ति करने वाले की पहचान करने का दावा

नव्या, विधि को ड्रग सप्लाई करने वाले की पुलिस ने पहचान करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा सुरक्षा का हवाला देकर डग सप्लाई करने वाले की किसी भी तरह की जानकारी देने से मना किया। पुलिस ने ड्रग रैकेट से जुड़े तंत्र का जल्द ही खुलासा करने का दावा किया है। बताया जा रहा है, नव्या तथा विधि दिल्ली के एक बड़े ड्रग डीलर के संपर्क में थे।

**ज्यादातर क्लब संचालक नव्या, विधि के संपर्क में :** विधि तथा नव्या के मोबाइल की जांच करने पर दोनों के कांटेक्ट लिस्ट में वीआईपी रोड स्थित ज्यादातर क्लब तथा होटल मैनेजर, संचालक के नंबर मिले हैं। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

**अयान के इशारों पर काम कर रहे थे**

अयान के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। बताया जा रहा है, अयान नव्या को फंसाने के साथ विधि के संपर्क में भी था। दोनों युवतियां बाहर से ड्रग मंगाती थीं, लेकिन खपाने का काम नव्या तथा विधि करती थीं। ▶▶ शेष पेज 7 पर

# नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर मुठभेड़ महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नारायणपुर

- थ्री नॉट थ्री रायफल व बीजीएल लांचर समेत अन्य हथियार बरामद
- पूर्व बस्तर डिविजन के नक्सलियों की मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद चलाया गया था ऑपरेशन

पूर्वी बस्तर डिविजन के नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर नक्सलियों की मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद दोनों जिले की संयुक्त टीम द्वारा ऑपरेशन लांच किया गया था। अभियान के दौरान देर शाम तक एक महिला नक्सली के शव के अलावा हथियार व अन्य सामान बरामद किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप ने बताया कि नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिविजन के बड़े कैडर के नक्सलियों की सूचना पर डीआरजी नारायणपुर, दंतेवाड़ा व एसटीएफ की टीम द्वारा अबूझमाड़ में संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार सुबह से डीआरजी व संयुक्त सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है।

अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से एक महिला माओवादी के शव के अलावा 303 रायफल, दो बीजीएल लांचर व अन्य हथियार सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किए गए हैं।



### अलग दे देंगे विवरणः डीआईजी

डीआईजी ने कश्यप ने कहा कि सर्च अभियान अभी भी जारी है, इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत विवरण पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

### नक्सलवाद खात्मे को लेकर नई रणनीति तैयार, रायपुर में बैठक जारी

गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज किया गया है। नक्सलियों के सेफ जोन माने जाने वाले माड़ इलाके में आज सुबह से ही जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है। शुक्रवार को रायपुर में नक्सलवाद खात्मे को लेकर नई रणनीति तैयार करने बैठक चल रही है। इस बीच बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर मिशन जारी है और जवान मोर्चे पर मौजूद है। सुरक्षाबलों के वापस लौटने के बाद मुठभेड़ को लेकर और खुलासे हो सकते हैं।

## बोरसी स्कूल में तंत्र-मंत्र कर कोयल की बलि



# पालकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- प्रिंसिपल-ऑफिस के सामने तांत्रिक रंगोली, नींबू-सिंदूर भी मिला

बोरसी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में तंत्र-मंत्र करने के बाद कोयल की बलि देने की वजह से विद्यार्थियों व पालकों में दहशत का माहौल है। गुरुवार को जब स्कूल खुला तो वहां कोयल को मारकर किसी ने फेंक दिया था। पास ही नींबू और सिंदूर भी मिला। जिसे देखकर विद्यार्थी दहशत में आ गए। प्राचार्य कार्यालय के सामने यह तंत्र क्रिया की गई थी। प्रिंसिपल ने ब्लॉक शिक्षा ▶▶ शेष पेज 7 पर



### अंधविश्वास फैलाने की कोशिश

ऐसा कृत्य करना शरारती तत्वों द्वारा अंधविश्वास फैलाने की कोशिश है। उनका उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को डराने का है, ताकि वे स्कूल न आएं। बच्चे डरे हुए थे इसलिए वहां शिक्षक ने खुद ही अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। किसी भी बैगा को वहां नहीं बुलाया गया था और न ही कोई भुगतान किया गया है।

- **राजेश्वरी चंद्राकर**, बीईओ दुर्ग ब्लॉक

### पालकों की सूचना पर पुलिस पहुंची

विद्यार्थियों के पालकों को भी इसकी सूचना पहुंची तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पद्मनाभपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने अपने स्तर पर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कृत्य के पीछे किसका हाथ है और उसका मकसद क्या था।

# पुलिसकर्मियों के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

- पुलिस लाइन के समीप स्थित ग्राम रिस्दी के तालाब में देर शाम घटी घटना

पुलिस लाइन के समीप स्थित रिस्दी गांव के एक तालाब में देर शाम को पुलिसकर्मियों के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस कर्मियों के 5 बच्चे खेलते-खेलते तालाब के समीप पहुंचे थे और नहाने लगे। इसी दौरान तीन बच्चे डूब गए। इस घटना से पुलिस परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो ▶▶ शेष पेज 7 पर



### एसपी ने की पीड़ित परिजनों से मुलाकात, बंधाया ढांढस

पुलिस कर्मियों के तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने की खबर मिलने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की ▶▶ शेष पेज 7 पर

# जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही

## 10 ठेकेदारों को किया गया ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति हरिस एस ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। यह निर्णय मंगलवार को कलेक्टोरेट में हुई बैठक के दौरान लिया गया।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी ▶▶ शेष पेज 7 पर



- धीमी गति से हो रहे कार्य पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी
- अफसर नियमित समीक्षा करें और दें प्रगति रिपोर्ट

### ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार

अमानत राशि राजसात कर ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की सूची में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, बीआर.इन्वायारा सॉल्यूशन भिलाई, बंशीलाल गंजीर भानपुरी, आरबी ड्रिलर्स केशकाल, छत्रपति कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, भारत इन्फ्रा केशकाल, किसान बोरवेल्स केशकाल एवं लखन सिंह रायपुर शामिल हैं।

## एडीआर ने कुल 643 मंत्रियों के शपथपत्रों का विश्लेषण कर जारी की रिपोर्ट

# भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्रियों सहित 174 पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। वहीं देश में राजनीति का काला सच यह है कि लगभग 47 फीसदी मंत्रियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट ने इन आंकड़ों का खुलासा किया है। देश में कुल 643 मंत्रियों की जांच में पता चला कि 302 मंत्रियों (लगभग 47%) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ भी मामले

राष्ट्रीय स्तर पर 72 केंद्रीय मंत्रियों में से 29 ने भी अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। राज्यवार यह स्थिति है कि 11 विधानसभाओं में 60 प्रतिशत से अधिक मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी शामिल हैं। वहीं हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड के मंत्रियों ने कोई आपराधिक मामला नहीं बताया है।



**143 महिला सांसदों-विधायकों पर आपराधिक मामले**

बता दें कि एडीआर ने कुछ समय पहले महिला सांसद और विधायकों को लेकर रिपोर्ट जारी की थी है। इसमें सामने आया था कि देश की कुल 512 महिला सांसदों और विधायकों में से 28% यानी 143 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 78 (15%) पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, 17 महिला नेताओं ने अपने चुनावी हलफनामों में अरबपति (100 करोड़ या उससे अधिक संपत्ति) होने का दावा किया है।

### किस पार्टी के कितने मंत्रियों पर आपराधिक केस

**बीजेपी :** 336 मंत्रियों में से 136 पर मामले, 88 गंभीर आरोपों में शामिल

**कांग्रेस :** 61 मंत्रियों में से 45 पर मामले, 18 गंभीर आरोपों में शामिल

**डीएमके :** 31 मंत्रियों में से 27 पर मामले, 14 गंभीर आरोपों में शामिल

**टीडीपी :** 23 मंत्रियों में से 22 पर मामले, 13 गंभीर आरोपों में शामिल

**आम आदमी पार्टी :** 16 मंत्रियों में से 11 पर मामले, 5 गंभीर आरोपों में शामिल

**तृणमूल कांग्रेस :** 40 मंत्रियों में से 13 पर मामले, 8 गंभीर आरोपों में शामिल

# इस ट्रेन में एक टिकट से कर सकते हैं तीन देशों की यात्रा यह है दुनिया की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन



**मॉस्को।** एक ऐसी ट्रेन जो सिर्फ एक टिकट में तीन देशों का सफर करवा देती है, और दूरी भी ऐसी कि दुनिया की सबसे लंबी मानी जाती है। इस ट्रिप में रोमांच, नजारे और अनुभव सब कुछ मिलेगा। दुनिया की सबसे लंबी रेल यात्रा है, जो रूस के मॉस्को से नॉर्थ कोरिया के प्योंगयांग तक जाती है। ये 10,214 किमी का सफर 7 दिन 20 घंटे 25 मिनट में पूरा करती है। इस दौरान ये 142 स्टेशन और 87 शहरों से गुजरती है। तीन देशों रूस, मंगोलिया और नॉर्थ कोरिया को जोड़ने वाली ये ट्रेन अनोखी है।



## ट्रेन का सफर कितना समय लेता है?

मॉस्को से प्योंगयांग तक का सफर 7 दिन 20 घंटे 25 मिनट का है। अगर आप बिना रुके सफर करते हैं, तो ये 206 घंटे से ज्यादा का समय लेता है। रास्ते में 142 स्टेशन और 87 शहरों से गुजरना पड़ता है। रुककर शहर घूमने पर ये सफर 14-20 दिन तक भी चल सकता है।

**रास्ते में कौन-कौन से नजारे दिखते हैं** : इस सफर में उरल पर्वत, लेक बैकाल (दुनिया की सबसे गहरी झील), और साइबेरियन जंगल के शानदार नजारे दिखते हैं। 16 नदियां, जैसे ओब और येनिसे, रास्ते में पड़ती हैं। बर्फीले मैदान, पहाड़ और गांवों का बदलता नजारा सफर को यादगार बनाता है. हर स्टेशन पर नया दृश्य आपका इंतजार करता है।

## इस ट्रेन की शुरुआत कब हुई?

इस ट्रेन की शुरुआत 1916 में हुई थी, जब रूस ने साइबेरिया के विकास के लिए रेल नेटवर्क बनाया। इसका मकसद साइबेरिया की आबादी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था। 19वीं सदी में टसर एलेक्जेंडर III के समय इसका निर्माण शुरू हुआ। 25 साल की मेहनत के बाद ये दुनिया का सबसे लंबा रेल रूट बना।



## इस ट्रेन का रूट कैसा है?

इसका मुख्य रूट मॉस्को से शुरू होकर यारोस्लाव, चेल्याबिंस्क, ओम्स्क, नोवोसिबिर्स्क, क्रास्नोयार्स्क, इरकुत्स्क, उलान-उदे, चिता, खाबरोव्स्क और व्लादिवोस्तोक तक जाता है। वहां से ये नॉर्थ कोरिया के प्योंगयांग तक पहुंचती है। रास्ते में ये 142 स्टेशनों पर रुकती है। खास बात ये है कि यात्रियों को ट्रेन या कोच बदलने की जरूरत नहीं पड़ती।

## इस ट्रेन में क्या खास है?

ये ट्रेन तीन देशों रूस, मंगोलिया और नॉर्थ कोरिया—को एक टिकट से जोड़ती है। रास्ते में खूबसूरत नजारे जैसे लेक बैकाल, उरल पर्वत और साइबेरियन जंगल दिखते हैं। ट्रेन में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड क्लास की सुविधाएं हैं। ये सांस्कृतिक और प्राकृतिक अनुभव का अनोखा मिश्रण देती है।

## आखिर ट्रेन कितनी दूरी तय करती है?

ट्रांस-साइबेरियन ट्रेन 10,214 किमी की दूरी तय करती है, जो इसे दुनिया का सबसे लंबा रेल सफर बनाता है। ये मॉस्को से व्लादिवोस्तोक और फिर नॉर्थ कोरिया के प्योंगयांग तक जाती है। रास्ते में 16 बड़ी नदियां, पहाड़, जंगल और बर्फीले मैदान आते हैं। ये सफर 8 समय क्षेत्रों (टाइम ज़ोन) को पार करता है।

## रोचक खबरें



### यूपी के बंदे की दुबई में खुली किस्मत जीत ली 35 करोड़ की बंपर लॉटरी

**नई दिल्ली।** भगवान जब देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है। ये कहावत तो आपने बहुत सुनी होगी। अब ये कहावत दुबई में रह रहे एक भारतीय शख्स पर बिल्कुल सटीक बैठती है। दरअसल, दुबई में रहने वाले एक भारतीय शख्स ने 3 सितंबर को आयोजित अबू धाबी बिग टिकट सीरीज 278 ड्रॉ में 15 मिलियन संयुक्त अरब अमीरात दिरहम यानी लगभग 35 करोड़ रुपए की लॉटरी जीती है। इस लकी शख्स का नाम संदीप कुमार प्रसाद है, जो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और पिछले तीन सालों से यूएई में रह रहे हैं और दुबई ड्राईडॉक्स में टेक्नीशियन के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप ने बीते 19 अगस्त को 20 लोगों के एक ग्रुप के साथ टिकट संख्या 200669 खरीदा था और इस टिकट ने उन्हें सीधे करोड़पति बना दिया। दिलचस्प बात ये है कि वह बहुत समय से लॉटरी के टिकट नहीं खरीद रहे थे, बल्कि उन्होंने सिर्फ तीन महीने पहले से ही टिकट खरीदना शुरू किया था और इन्हीं तीन महीने के अंदर उनके हाथ जैकपॉट लग गया। लॉटरी जीतने के बाद जब बिग टिकट वालों ने संदीप से संपर्क किया और उन्हें बताया कि वह 35 करोड़ की लॉटरी जीत गए हैं, तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ, लेकिन जब उन्हें ये अहसास हो गया कि ये खबर सच है, तो उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा।

### कोरियन युवक ने पहली बार खाया जिंदा ऑक्टोपस

**नई दिल्ली।** आपने जानवरों को तो जिंदा जीवों का शिकार कर खाते देखा ही होगा, पर क्या आप जानते हैं कि कई देशों के लोग भी कुछ जीवों को जिंदा ही खा जाते हैं? जी हां, ये बिल्कुल सच है। चीन, जापान और कोरिया जैसे देशों में लोग कई तरह के कीड़े-मकौड़े भी खा जाते हैं, जिन्हें देख कर ही घिन्न आ जाती है। फिलहाल एक कोरियन शख्स का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो



जिंदा ऑक्टोपस को खाता नजर आता है। दिलचस्प बात ये है कि वो पहली बार जिंदा ऑक्टोपस खाता है और फिर ऐसा रिएक्शन देता है कि देखने वाले भड़क गए हैं। कोरियन बंदा हिंदी में बोलता है और प्लेट में दिखाता है कि जिंदा ऑक्टोपस कैसे नाच रहा है। फिर वह हैरान होते हुए कहता है, 'इसको कैसे खाएंगे?'. फिर वह अपने एक दोस्त से पूछता है कि इसे कैसे खाया जाता है, गले में तो नहीं फंसता, तो वो पूरी प्रक्रिया बताता है और खुद खा कर दिखाता है कि जिंदा ऑक्टोपस को कैसे खाया जाता है। उसके बाद कोरियन बंदा भी चॉपस्टिक से जिंदा ऑक्टोपस को उठाता है और झट से खा लेता है। खाने से पहले तो वह सोचता है कि पता नहीं उसका स्वाद कैसा होगा, क्योंकि वह पहली बार जिंदा ऑक्टोपस खाने जा रहा होता है। लेकिन, जब वह खा लेता है तो उसकी तारीफ करते हुए कहता है कि ये अच्छा है।

### लाबूबू गुड़िया ने कर दिया चीन के इस व्यक्ति को मालामाल, करते हैं खिलौनों की मरम्मत

**बीजिंग।** इन दिनों सभी की जबान पर लाबूबू गुड़िया का ही नाम है, जो थोड़ा प्यारा और डरावना खिलौना है। भारत समेत कई देशों के लोग इसे शौक से खरीद रहे हैं। ये गुड़िया असल में विचित्र राक्षस होती हैं, जिन्हें एक दशक पहले हांगकांग के कलाकार कासिंग लुंग ने बनाया था। अब इस गुड़िया ने एक व्यक्ति को मालामाल कर दिया है। दरअसल, वह खिलौनों को मरम्मत करते हैं और लाबूबू गुड़िया भी उसमे शामिल है। इस व्यक्ति का नाम 'हार्ट मैन' है, जो कि शंघाई के रहने वाले हैं।



वह पिछले एक महीने में 100 लाबूबू गुड़िया की मरम्मत कर चुके हैं। गुड़िया ठीक कराने वालों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि उन्हें अपनी पत्नी की भी मदद लेनी पड़ती है। साथ ही अब वह एक बड़ा स्टूडियो लेने की सोच रहे हैं, ताकि उनके लिए लाबूबू की मरम्मत करना आसान हो सके और वह एक साथ कई गुड़यिा ठीक कर सकें। एक साधारण लाबूबू खिलौने की कीमत 99 युआन यानि 1,197 रुपये होती है। हार्ट मैन ने बताया कि मरम्मत का खर्च लाबूबू की कीमत का 10 प्रतिशत होता है। इस गुड़िया को महिलाएं अपने पर्स आदि पर लटकाकर बाहर ले जाना पसंद करती हैं। इस वजह से यह खिलौना गंदा हो जाता है या टूट जाता है। यही कारण है कि लोग उन्हें दोबारा नए जैसा करवाने के लिए इस व्यक्ति से संपर्क करते हैं। हार्ट मैन कहते हैं कि उन्हें लाबूबू की मरम्मत करके ऐसा महसूस होता है जैसे वह एक असली डॉक्टर हैं, जो बीमारी ठीक करते हैं और जीवन बचाते हैं।

# दुनिया की वो इकलौती नदी, जिस पर आज तक नहीं बन सका एक भी पुल

दुनिया में हजारों नदियों पर बने हैं पुल, लेकिन एक नदी ऐसी भी है जिसपर आज तक कोई पुल नहीं बन पाया। वजह जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे, जानिए इस नदी की अनोखी कहानी। अमेजन नदी, दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में से एक, पर आज तक एक भी पुल नहीं बना। इसका सबसे बड़ा कारण है इसकी चौड़ाई और किनारों की नरम मिट्टी। नदी के आसपास की जगहें इतनी जटिल हैं कि पुल बनाना बहुत मुश्किल है। साथ ही, वहां पुल की जरूरत भी ज्यादा नहीं है।

## नदी की मिट्टी क्यों बनती है रुकावट?

अमेजन नदी के किनारे की मिट्टी बहुत नरम और दलदली है। इस वजह से पुल की मजबूत नींव बनाना बेहद खर्चीला और मुश्किल है। इंजीनियरों को लंबे वायडक्ट्स और गहरी नींव की जरूरत पड़ती है। ये तकनीकी चुनौतियां लागत को और बढ़ा देती हैं।

## क्या नदी की चौड़ाई है सबसे बड़ी वजह?

अमेजन नदी की चौड़ाई सूखे मौसम में 2-6 मील होती है, लेकिन बारिश में ये 30 मील तक पहुंच जाती है। इतनी बड़ी चौड़ाई पर पुल बनाना इंजीनियरिंग की बहुत बड़ी चुनौती है। गोल्डन गेट ब्रिज से 17 गुना लंबा पुल चाहिए होगा। इस वजह से भी पुल बनाना मुश्किल है।

## अमेजन नदी पर पुल क्यों नहीं है?



### क्या जनसंख्या की कमी है कारण?

अमेजन नदी ज्यादातर जंगल और कम आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरती है। यहां सड़कें बहुत कम हैं, तो पुल बनाकर किसे जोड़ा जाए? लोग नाव और फेरी से आराम से नदी पार कर लेते हैं। इसलिए सरकारों को पुल बनाने की जरूरत नहीं लगती। पुल बनाने में भारी-भरकम खर्चा आता है, जो अरबों रुपये में हो सकता है। उदाहरण के लिए, रियो नीग्रो पर बना पुल 570 मिलियन डॉलर का था। इतना पैसा लगाने के लिए मजबूत आर्थिक जरूरत चाहिए. अमेजन के आसपास ऐसी जरूरत नहीं दिखती, इसलिए निवेश नहीं होता।

### पर्यावरण का क्या है रोल?

अमेजन नदी का इलाका जैव-विविधता का खजाना है, जहां लाखों प्रजातियां रहती हैं। पुल बनाने से जंगल कट सकता है और पर्यावरण को नुकसान हो सकता है। पर्यावरणविदों का



कहना है कि इससे वनों की कटाई बढ़ेगी। इस डर से भी पुल बनाने से बचा जाता है। क्या मौसमी बदलाव भी हैं जिम्मेदार: अमेजन नदी में बारिश के मौसम में पानी का स्तर 30-50 फीट तक बढ़ जाता है। नदी की चौड़ाई और गहराई में भारी बदलाव आते हैं, जिससे नींव बनाना मुश्किल है। मटुपास जैसे तैरते वनस्पति द्वीप भी पुल के लिए खतरा हैं। ये मौसमी बदलाव इंजीनियरों के लिए सिरदर्द हैं।

### क्या नाव और फेरी काफी हैं?

अमेजन के किनारे बसे लोग नाव और फेरी से नदी पार करते हैं. ये तरीका आसान, सस्ता और पुराना है, जो उनकी जरूरतें पूरी करता है। शहरों में भी लोग इसके आदी हैं, इसलिए पुल की मांग नहीं उठती। ये परंपरा पुल की जरूरत को कम करती है।



### क्या रियो नीग्रो ब्रिज इसका अपवाद है?

रियो नीग्रो, जो अमेजन की सहायक नदी है, पर 2011 में एक पुल बनाया गया। ये 3.5 किमी लंबा पुल मानौस और इरांडुबा को जोड़ता है लेकिन ये अमेजन नदी का मुख्य हिस्सा नहीं है। फिर भी, इसने दिखाया कि तकनीकी रूप से पुल बनाना मुमकिन है।

### क्या भविष्य में बन सकता है पुल?

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आर्थिक और सामाजिक जरूरत बढ़े, तो पुल बन सकता है लेकिन अभी लागत, पर्यावरण और कम जनसंख्या जैसे कारण इसे रोक रहे हैं। फिलहाल, अमेजन नदी बिना पुल के ही अपनी विशालता और रहस्य बरकरार रखे हुए है।

# चीन में चल रहा अजीबोगरीब ट्रेंड? बच्चों के साथ बड़े भी इस्तेमाल करने लगे हैं चूसनी

बीजिंग। शिशुओं और छोटे बच्चों के मुंह में आपने चूसनी जरूर देखी होगी। इसे पैसिफायर भी कहते हैं, जिसकी मदद से बच्चों को शांत करने और उन्हें सुलाने में मदद मिलती है। ज्यादातर बच्चे 2 से 4 साल की उम्र तक ही चूसनी इस्तेमाल करते हैं, जिसके बाद उनकी यह आदत छूट जाती है। हालांकि, क्या आपने कभी किसी वयस्क को चूसनी का उपयोग करते हुए देखा है? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ऐसा चीन में हो रहा है।



## वयस्कों को क्यों करना पड़ रहा है चूसनी का इस्तेमाल?

आपको जानकर यकीन नहीं होगा कि चीन के वयस्क छोटे बच्चों की तरह चूसनी को पसंद करने लगे हैं। लोगों का दावा है कि इस उत्पाद को इस्तेमाल करने से उनकी चिंता दूर हो जाती है और अच्छी नींद आती है। यह उत्पाद चीन में इतना लोकप्रिय हो चुका है कि इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। ऑनलाइन विक्रेताओं ने बताया कि वे एक महीने में लगभग 2,000 वयस्कों वाली चूसनी बेच लेते हैं।

## बड़े आकार में बनाई जाती है वयस्कों वाली चूसनी

वयस्कों वाली चूसनी बच्चों की तुलना में बड़ी होती हैं। इनकी कीमत 121 से 6,070 रुपये के बीच होती है। चूसनी का निपल वाला हिस्सा पारदर्शी होता है और बाहरी भाग अलग-अलग रंगों में उपलब्ध रहता है। इसे यह बताकर बेचा जाता है कि यह उत्पाद न केवल चिंता कम करता है, बल्कि धूम्रपान छोड़ने में भी सहायता करता है। इतना ही नहीं, दावा किया जाता है कि इससे ठीक तरह सांस लेने में भी मदद मिलती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ वयस्कों को चूसनी इस्तेमाल करने के नकारात्मक प्रभावों के बारे में सचेत कर रहे हैं। लंबे समय तक चूसनी उपयोग करने से व्यक्ति की मुंह खोलने की क्षमता सीमित हो सकती है और चबाने पर दर्द महसूस हो सकता है।



## लोगों ने बताया चूसनी के इस्तेमाल का कारण

वैसे तो लोगों की इस विचित्र आदत को सुनकर सोशल मीडिया पर लोग उनका मजाक बना रहे हैं। हालांकि, कई लोग वयस्कों वाली चूसनी चूसने के व्यक्तिगत अनुभव और लाभ बताने के लिए भी आगे आए। एक व्यक्ति ने कहा, यह मुलायम है और मुझे इसे चूसने में आराम मिलता है। इससे सांस लेने में कोई रुकावट नहीं आती। वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने बताया, जब काम का दबाव मुझे परेशान करता है तो मैं चुसनी चूसता हूं।

# दक्षिण कोरिया का यह कॉलेज दे रहा बेहतरीन स्कॉलरशिप, लेकिन पहले चढ़ने होंगे पहाड़



सियोल। स्कॉलरशिप छात्रों को आगे की शिक्षा के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता होती है। आमतौर पर यह सहायता योग्यता, एथलेटिक कौशल या वित्तीय आवश्यकता जैसे मानदंडों के आधार पर प्रदान की जाती है। हालांकि, दक्षिण कोरिया के एक कॉलेज में स्कॉलरशिप हासिल करने के लिए इतनी मुश्किल शर्त रखी गई है, जिसके बारे में सोचकर ही पसीने छूटते हैं। दरअसल, यहां छात्रों को 6 विशाल पहाड़ चढ़ने की चुनौती पूरी करने के बाद ही स्कॉलरशिप मिलती है। यह मामला दक्षिण कोरिया के सियोल राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का है। यहां 'मिसन माउंटेन हाइकिंग स्कॉलरशिप' चलाई जा रही है, जिसके तहत छात्रों को 47,000 रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता प्रदान कराई जा रही है। इस योजना को 8 जुलाई से शुरू किया गया था और 18 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए गए थे। इस विचित्र और कठिन स्कॉलरशिप कार्यक्रम के लिए कुल 1,400 छात्रों ने आवेदन दिए थे। शर्त है कि 47,000 रुपये पाने के लिए छात्रों को 6 पहाड़ चढ़ने होंगे। इसके लिए उन्हें इस साल के अंत तक का समय दिया गया है। जो छात्र साल खत्म होने तक केवल 3 पहाड़ चढ़ पाएंगे, उन्हें करीब 19,000 रुपये ही दिए जाएंगे। छात्रों को स्कॉलरशिप केवल उन पहाड़ों की चढ़ाई करने पर मिलेगी, जो ब्लैक याक के 100 प्रसिद्ध पर्वतों की सूची में शुमार हैं। इसमें केबल कार या गोंडोला सुविधा देने वाले पहाड़ शामिल नहीं होंगे।

# धरती में 1 लाख साल से दबी थी ये खतरनाक कब्र खुदाई में निकली ऐसी चीज कि कांप उठे वैज्ञानिक!

**नई दिल्ली।** खुदाई के दौरान मिला 1 लाख साल पुराना कंकाल, वैज्ञानिकों ने बताया इतिहास की सबसे पुरानी कब्र। इस रहस्यमयी खोज ने देश को जहां हैरानी में डाल दिया है वहीं कई सवाल सभ्यता की शुरुआत पर भी उठे हैं। टिंशेमेट गुफा की खोज ने इजरायल और दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया।

यह खोज पुरातत्व और मानवविज्ञान के क्षेत्र में नई जानकारियां देगी। टिंशेमेट गुफा की खोज से प्राचीन इंसानों के जीवन, उनकी परंपराओं और सामाजिक व्यवस्था के बारे में और जानकारियां सामने आएंगी। यह मानव इतिहास के पन्नों को और समृद्ध करेगी।

## टिंशेमेट गुफा में क्या मिला?

उत्तरी इजरायल की टिंशेमेट गुफा में पुरातत्वविदों ने 1 लाख साल पुराने 5 इंसानी कंकालों के अवशेष खोजे। इनमें 2 पूरे कंकाल, 3 खोपड़ियां, कुछ हड्डियां और दांत शामिल हैं। यह खोज मध्य पाषाण युग (2,50,000 से 30,000 साल पहले) से जुड़ी है। गुफा में मिले अवशेषों ने इंसानों के दफनाने की प्राचीन परंपराओं को समझने में मदद की।



## कब्रगाह की खोज क्यों खास है?

टिंशेमेट गुफा में मिले कंकाल गड्ढों में बड़े ध्यान से रखे गए थे। जेरूसलम की हिब्रू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर योसी जेडनर के मुताबिक, ये कंकाल किसी खास रस्म के तहत दफनाए गए। यह खोज इसलिए खास है, क्योंकि यह इंसानों के शुरुआती दफन रीति-रिवाजों को दर्शाती है। यह इतिहास की सबसे पुरानी कब्रगाहों में से एक हो सकती है। कंकालों के साथ क्या-क्या मिला?

## गुफा में अनुष्ठान कैसे होते थे?

गुफा में मिले गेरू, पत्थर और जानवरों की हड्डियां बताती हैं कि यहां खास अनुष्ठान होते थे। कंकालों को गड्ढों में सावधानी से रखा गया था, जो मृतकों के लिए सम्मान का प्रतीक था। ये चीजें सैकड़ों किलोमीटर दूर से लाई गई थीं, जो उस समय के लोगों की मेहनत और विश्वास को दर्शाती हैं।

## इस खोज ने इजरायल को क्यों चौंकाया?

टिंशेमेट गुफा की खोज ने इजरायल और दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया। यह खोज इतिहास की सबसे पुरानी कब्रगाहों में से एक है। इससे प्राचीन इंसानों के दफन रिवाज और उनकी सांस्कृतिक परंपराओं का पता चलता है। यह खोज मानव इतिहास की समझ को और गहरा करती है।

रायपुर
शनिवार 6 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 24, अंक : 51
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 32.6
न्यून. 24.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

*छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए और केंद्र-राज्य सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ लेने से किसान वंचित नहीं होंगे। राज्य में करीब साढ़े तीन लाख किसानों के एग्रीस्टैक में पंजीयन में आ रही दिक्कत के मद्देनजर अब सीएससी की जगह सोसाइटियों में पंजीयन होगा। यह व्यवस्था 10 सितंबर से लागू की जाएगी।*

***साढ़े तीन लाख किसानों का अब तक एग्रीस्टैक में पंजीयन बाकी***

# 3.50 लाख किसानों को राहत, अब सोसाइटियों में होगा एग्रीस्टैक पंजीयन, 10 से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक डिजिटल पहल है, जो कृषि क्षेत्र के लिए एक एकीकृत डेटाबेस और डिजिटल सेवाओं का मंच है, जिसके तहत किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी जानकारी पंजीकृत करानी होगी। छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्रीस्टैक ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर

### साढ़े तीन लाख किसानों के लिए अवसर

राज्य में एग्रीस्टैक का पंजीयन शुरू होने का बाद से अब तक 22 लाख 40 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। पिछले साल धान बेचने वालों किसानों की संख्यां 25 लाख 49 हजार के करीब है। इस तरह बचे हुए करीब साढ़े तीन लाख किसान ▶▶|शेष पेज 7 पर



### छत्तीसगढ़ में थी अब तक ये परेशानी

राज्य में एग्रीस्टैक पंजीयन को लेकर पिछले कई दिनों से राज्य भर से ये जानकारी सामने आ रही थी, किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसानों को डर था कि कहीं वे धान बेचने से वंचित न हो जाएं। खास बात ये है कि राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ 40 लाख किसानों का मिलता है, इनका पूरा डाटा भारत सरकार के रिकॉर्ड में है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### *कौन से किसानों का पंजीयन था बाधित*

*राज्य में जिन साढ़े तीन लाख किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन नहीं हो पाया है, उनके संबंध में जानकारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का पंजीयन हो रहा है, लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वालों का नहीं हो रहा है। इसी तरह ये बात भी सामने आई कि जिन किसानों ने साल-दो साल पहले जमीन खरीदी है और केंद्र- राज्य सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं लिया है, उनका डाटा भी सरकार के पास नहीं है, उनका भी पंजीयन नहीं हो पा रहा था। जो किसान वन भूमि पट्टे पर खेती करते है, जो कृषि लोन नहीं लेते और न ही फसल बीमा में शामिल होते हैं। दरअसल इन किसानों ने केंद्र या राज्य सरकार की कृषि संबंधित किसी योजना का लाभ नहीं लिया है, इसलिए उनका डाटा सरकार के पास नहीं है।*




## खबर संक्षेप

### देश आपदाओं से प्रभावितों के साथ : राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष मानसून के दौरान हुई प्राकृतिक आपदाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रभावित लोगों की पीड़ा को समझता है और संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। राष्ट्रपति ने कहा, ''इस वर्ष मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है।

### जलविद्युत संयंत्र में घुसा पानी, 5 के डूबने की आशंका

**लुनावाडा।** गुजरात में महिसागर जिले के लुनावाडा कस्बे के पास एक पनबिजली संयंत्र के परिसर में नदी का पानी घुस जाने से पांच श्रमिकों के डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अपराह्न करीब तीन बजे हुई, जब 15 श्रमिक रखरखाव संबंधी कार्य के लिए दौलतपुरा स्थित पनबिजली संयंत्र के एक बड़े कुएं में उतरे थे।

### ओणम पर केरल में बिकी 826 करोड़ की शराब



**तिरूवनंतपुरम।** केरल राज्य पेय निगम ने प्रदेश में ओणम पर्व मनाये जाने के दौरान, अपने विक्रय केंद्रों से 826.38 करोड़ रुपये की शराब बेची। अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 अगस्त से चार सितंबर तक पिछले साल के ओणम त्योहार के मुकाबले 6.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### नाले में गिरे बच्चे की मौत तीन अधिकारी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर स्थल पर कथित लापरवाही की वजह से तीन साल के एक बच्चे की मौत मामले में निजी कंपनी के निदेशक और उसके दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। फ्लाईओवर के निर्माण स्थल पर खुले नाले में गिरने से सुनीत कुमार की मौत हो गई थी।

## मोदी, पुतिन, जिनपिंग की तस्वीर शेयर कर दिया बयान

# ‘लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- एससीओ शिखर सम्मेलन में मिले थे भारत, रूस, चीन के राष्ट्राध्यक्ष

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ‘लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो!’ ट्रंप ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह लिखा और पोस्ट के साथ चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा करते हुए ट्रंप ने भारत और रूस के साथ संबंध खत्म करने के संकेत दिए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से की गई इस पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

### *टैरिफ से बढ़ा दोनों देशों में तनाव*

*डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। अमेरिकी सरकार ने बीते महीने भारत के सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव है। वहीं रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका की तनातनी बढ़ हुई है। इस घटनाक्रम के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में चीन का दौरा किया है। चीन में एससीओ समिट के लिए पुतिन और मोदी पहुंचे। दोनों नेताओं की चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ मुलाकात हुई। रूस, चीन और भारत के नेताओं के साथ आने को अमेरिका को जवाब देने की तरह देखा गया है। एक्सपर्ट का कहना है कि मोदी ने चीन जाकर ट्रंप को सख्त संदेश दिया है। ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट से लगता है उनको मोदी, जिनपिंग और पुतिन की बैठक से धक्का पहुंचा है।*





### भारत पर हमलावर रहे हैं ट्रंप

ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध काफी नीचे पहुंच गए हैं। अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी बेस टैरिफ और रूसी तेल की निरंतर खरीद पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। रूस से तेल खरीद और अमेरिकी सामानों पर शुल्क को लेकर ट्रंप भारत पर हमलावर हैं।

**पूर्व एनएसए बोल्टन का दावा**

### मोदी व ट्रंप दोस्ती अब अतीत की बात, निजी रिश्तों ने अमेरिका को पीछे धकेला



पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने बड़ा दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कभी बेहद करीबी रहे व्यक्तिगत रिश्ते अब टूट चुके हैं। बोल्टन का कहना है कि वैश्विक नेता अगर ट्रंप से व्यक्तिगत समीकरणों के भरोसे विदेश नीति चलाना चाहेंगे, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बोल्टन ने ब्रिटिश मीडिया संस्थान एलबीसी से बातचीत में कहा, ‘ट्रंप और मोदी के रिश्ते कभी काफी मजबूत थे। लेकिन अब वो खत्म हो चुके हैं। यह सभी नेताओं के लिए, खासकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर जैसे लोगों के लिए सबक है कि व्यक्तिगत रिश्ते कभी-कभी मददगार हो सकते हैं, लेकिन वे सबसे कठिन हालात से नहीं बचा सकते।’बोल्टन ने आरोप लगाया कि ट्रंप कूटनीति को हमेशा नेताओं के साथ अपनी नजदीकी से आंकते हैं।

**अवैध मुरुम उत्खनन का मामला**

# अजित पवार ने महिला आईपीएस को धमकाया बाद में गलती मानी



एजेंसी ▶▶| सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होकर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और डीएसपी अंजना कृष्णा के बीच तीखी बहस होती नजर आ रही है। फोन कॉल पर आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा ने अजित पवार को पहचानने से इनकार कर दिया तो अजित पवार आगबबूला हो गए। उन्होंने आईपीएस आधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी तक दे डाली। हालांकि, बाद में अजित पवार ने अपनी गलती मानते हुए कहा कि उनका इरादा क्षेत्र में स्थिति को शांत कराने का था। इस मामले को लेकर महाराष्ट्र के विपक्षी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सोलापुर के माढा तालुका के कुर्डू गांव में अवैध मुरुम उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने डीएसपी अंजना कृष्णा मौके पर पहुंची थीं। जहां उनका स्थानीय ग्रामीणों से आमना-सामना हुआ। इसी बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बाबा जगताप ने सीधे उपमुख्यमंत्री अजित पवार को फोन कर दिया और वह कॉल डीएसपी को थमा दिया। वहीं फोन पर अजित पवार ने खुद को ‘डीसीएम अजित पवार’ बताते हुए डीएसपी को कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया।

## आतंकी संगठन के मैसेज के बाद अलर्ट पर मुंबई

# मुंबई में मारे जाएंगे 1 करोड़ लोग 400 किलो बारूद, 34 कारों में बम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई को एक बार फिर से दहलाने की साजिश रची जा रही है। पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला है। ये धमकी भरा मैसेज ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक व्हाट्सऐप नंबर पर भेजा गया। इस मैसेज में दावा किया गया है कि शहर में 34 गाड़ियों में आत्मघाती बैठे हैं। धमाके के बाद पूरा मुंबई हिल जाएगा।

खुद को “लश्कर-ए-जिहादी” नामक संगठन बताने वाले ने इस मैसेज के जरिए लिखा है कि 14 पाकिस्तानी आतंकी भारत में घुस चुके हैं जो मुंबई में धमाके करने की फिराक में हैं। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। ट्रैफिक ज्वाइंट सीपी अनिल कुंभारे ने ट्रैफिक कंट्रोल व्हॉट्सऐप पर आए धमकी भरे मैसेज के बारे में कहा है कि मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है।



### मुंबई के 34 जगह मचेगी तबाही

इस धमकी में यहां तक कहा गया है कि 400 किलो आरडीएक्स से मुंबई में विस्फोट किया जाएगा। पूरी मुंबई में 34 जगहों पर खड़ी कारों में आत्मघाती दस्ते के आतंकी मौजूद हैं जो एक ही समय पर विस्फोट करेंगे जिससे 1 करोड़ लोगों की जान जा सकती है।

# महतारी वंदन योजना : 69.15 लाख महिलाओं को 647 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर

- अब तक कुल 12,376 .19 करोड़ रुपये की राशि सीधे हितग्राहियों तक पहुंची
- महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 19वीं किस्त का भुगतान किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की 69,15,994 महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 1000-1000 रुपये की राशि अंतरित की। कुल 647.13 करोड़ रुपये की यह राशि एक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के जीवन में आशा, विश्वास और नई प्रेरणा का संचार कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार महिलाओं की बेहतरी और समाज की उन्नति के लिए इसी प्रकार लगातार कार्य करती रहेगी।

### परिवार को मिल रही है मजबूती : राजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सम्मान प्रदान कर रही है। यह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर







### महिलाओं का वीडियो बनाते पायलट गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के शनि बाजार में कैमरा छुपाकर उससे महिलाओं के वीडियो बनाने की कोशिश करने के आरोप में एक निजी विमानन कंपनी के पायलट प्रियदर्शी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लाइटर के आकार के जासूसी कैमरे का कथित तौर पर इस्तेमाल कर अनजान महिलाओं का वीडियो बना रहा था। पुलिस ने बताया कि बाजार में एक महिला ने जब उसका वीडियो बनाते हुए देखा तो शोर मचाया। भीड़ ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया।



## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।



विवादित बयान
प्रमोद भार्गव

# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।**

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया
डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो

हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरों, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारे जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
**दर्शन**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

## जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### समाज में शिक्षकों की भूमिका

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। -**परेश चौहान**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत



भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है



मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में, मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं–जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।

## ट्रेंड

### पंजाब में जलप्रलय



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जयंती पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आपदा में बह गए निर्माण



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जुनून की परीक्षा



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप



## डंप विस्फोटक और नक्सली सामग्री बरामद

**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस ने जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिले के जंगल-पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक पदार्थ और अन्य नक्सली सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस सफलता को नक्सल विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर, रविवार को जिला पुलिस बल और डीआरजी की एक संयुक्त टीम ने सोनाबाहरा और उसके आसपास के घने जंगलों में एक गहन सर्चिंग अभियान चलाया। इसी दौरान टीम को नक्सलियों का एक गुप्त डंप मिला, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री छिपाकर रखी गई थी। पुलिस द्वारा बरामद की गई सामग्री में आईईडी बनाने के उपकरण, विस्फोटक सामग्री, खाना बनाने के लिए बर्तन, दवाइयां और अन्य नक्सली गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन सामग्रियों का उपयोग नक्सली सुरक्षा बलों पर हमला करने, उन्हें नुकसान पहुंचाने और अपनी अन्य हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करने वाले थे। मौके से जब्त की गई इस सामग्री से नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया गया है।

# डेरी गड़ाई के साथ रथ निर्माण की शुरूआत, सिरहासार में हुई रस्म

### मां दंतेश्वरी की परिक्रमा के लिए पारंपरिक विधि-विधान के साथ प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा पर्व की दूसरी प्रमुख रस्म डेरी गड़ाई शुक्रवार को उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। यह रस्म दशहरा की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। जिसके साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की परिक्रमा के लिए रथ निर्माण की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से शुरू करने की अनुमति प्राप्त हुई। डेरी गड़ाई रस्म के तहत बिरिंगपाल गांव से विशेष रूप से लाई गई साल की टहनियों को सिरहासार में खंभों के साथ विधि-विधानपूर्वक गाड़ा गया। यह प्रक्रिया पारंपरिक वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों के बीच मंत्रोच्चार और परम्परागत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। रस्म के दौरान सिरहासार में रथ निर्माण की अनुमति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई। डेरी गड़ाई रस्म के अवसर पर महिलाओं ने हल्दी खेलने की परंपरा को निभाया, जिसमें वे एक-दूसरे पर हल्दी छिड़ककर उत्सव की खुशी को साझा करती हैं। यह दृश्य स्थानीय संस्कृति की जीवंतता और सामुदायिक एकता को दर्शाता है। हल्दी खेलने की यह परंपरा उत्साह बढ़ाती है। इसके साथ ही सामाजिक समरसता को भी मजबूत करती है। रथ निर्माण कार्य को झाड़ उमरगांव और बेड़ा उमरगांव के संवरा जाति के कुशल कारीगर संपन्न करेंगे। ये कारीगर अपनी परंपरागत तकनीकों और औजारों का उपयोग करते हुए रथ को तैयार करेंगे, जो आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की रथारूढ़ होने के साथ परिक्रमा के लिए उपयोग किया जाएगा। रथ का निर्माण पूरी तरह से पारंपरिक तरीके से किया जाता है, जिसमें आधुनिक उपकरणों का उपयोग नहीं होता। यह प्रक्रिया न केवल कारीगरी का उत्कृष्ट नमूना है।



#### पूजा के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडे, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, मांझी-चालकी, नाइक-पाइक, मेंबर-मेंबरिन और बड़ी संख्या में स्थानीय समुदाय शामिल हुए।

### लुत्ती बांध हादसा: चेन्नई से पहुंचे भाई, मृतकों का किया अंतिम संस्कार

# सास का किया गया अग्नि संस्कार बहुओं और बच्चों को किया दफन

**बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम धनेशपुर में बांध के टूटने से पानी के तेज बहाव में अपनी जान गंवाने वाले एक परिवार के पांच सदस्यों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। रामवृक्ष के दोनों बेटे धनेश एवं गणेश के पहुंचने पर बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती मृतकों का पीएम किया गया। पीएम उपरांत सभी के शव ग्राम धनेशपुर लाए गए तथा अंतिम संस्कार किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

खास खबर

एक महीने पूर्व ही धान की रोपाई पूरी करने के बाद रामवृक्ष के दोनों बेटे सजीवन एवं गणेश मजदूरी करने चेन्नई गए थे। इस बीच मंगलवार की रात लगभग 9:30 बजे लुत्ती बांध टूट गया तथा रामवृक्ष का पूरा परिवार तबाह हो गया। बांध के तेज रफ्तार पानी में बहने से रामवृक्ष की पत्नी बतसिया (63वर्ष), बड़ी बहू चिता सिंह (35 वर्ष) पोती प्रिया (6 वर्ष), छोटी बहू रजंती सिंह (30वर्ष), पोता कार्तिक (6वर्ष) की मौत हो गई जबकि परिवार के दो सदस्य अभी भी लापता हैं। लापता लोगों को तलाशने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम पिछले तीन दिनों से अभियान चला रही है। प्रशासन द्वारा बुधवार को चेन्नई में रह रहे सजीवन एवं गणेश को सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही दोनों धनेशपुर के लिए रवाना हो गए थे। शुक्रवार को सुबह दोनों बेटे गांव पहुंचे तो घर-परिवार की हालत देख फूट-फूटकर रोने लगे। ग्रामीणों द्वारा ढांढस बंधाने के बाद सुबह 9 बजे सजीवन एवं गणेश बलरामपुर जिला अस्पताल पहुंचे जहां सभी के शवों का पीएम किया गया। पीएम उपरांत शव वापस धनेशपुर लाए गए तथा परंपरानुसार शवों का अंतिम संस्कार किया गया। रामवृक्ष की पत्नी बतसिया का अंतिम संस्कार किया गया जबकि दोनों बहुओं एवं बच्चों को दफनाया गया। पीएम में दोनों बहुओं चिंता एवं रजंती के गर्भवती होने की बात सामने आई जिसके बाद उन्हें भी दफनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के लोग एवं रिश्तेदार उपस्थित थे।



#### कृषि मंत्री ने की प्रभावितों से मुलाकात

लुत्ती डैम टूटने से प्रभावित ग्रामीणों की पीड़ा को बांटने कृषि मंत्री रामविचार नेताम जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के वार्डों में भर्ती घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना और ढांढस बंधाया। मंत्री ने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वोत्तम चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान अस्पताल में भर्ती श्रीमती रेवती से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि यह संकट की घड़ी है, सरकार आपके साथ खड़ी है। आपके इलाज और पुनर्वास में हर संभव मदद किया जाएगा।

#### बढ़ा तलाशी का दायरा

एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को भी पूरे दिन लापता दो सदस्यों को तलाशने का अभियान चलाया। दो दिन के भीतर ग्राम धनेशपुर का चप्पा-चप्पा छानने के बाद भी लापता लोगों का सुराग नहीं मिलने पर टीम ने अब तलाशी का दायरा बढ़ा दिया है। टीम गांव से 3 किमी दूर कनहर नदी तक आसपास के नालों गड्ढों एवं नदी किनारे लापता सदस्यों को तलाशती रही। खबर लिखे जाने तक टीम को लापता लोगों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

कांग्रेस संचार प्रमुख ने जताई आपत्ति

## छग में 14 वें मंत्री का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में दूसरी याचिका दायर

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में कांग्रेस की ओर से संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने यह याचिका लगाई है। जिसमें 11 से 14 मंत्री बनाए जाने पर आपत्ति जताई गई है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इसी मामले में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है। नई याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। नियम के अनुसार प्रदेश में मंत्रियों की संख्या विधायकों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकती। 90 सीटों के हिसाब से इसका अनुपात 13.5 आता है। इस आधार पर आपत्ति जताई गई है। वहीं भाजपा ने हरियाणा फॉर्मूले का हवाला दिया है। दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 164(1A) के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती। छत्तीसगढ़ में 90 विधायक हैं, इसलिए 13 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं।

#### प्राचार्य से 16 साल बाद वसूली गलत

जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने अपने आदेश में लिखा है कि 16 साल बाद की जाने वाली वसूली पूरी तरह से अनुचित, अन्यायपूर्ण और कानून के विरुद्ध है। शिक्षक गोपाल प्रसाद नायक का है, वे वर्ष 1996 में तकनीकी शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में नियुक्त हुए और पदोन्नति पाकर प्राचार्य के पद तक पहुंचे। विभाग ने 21 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर यह कहते हुए उनके वेतन से वसूली शुरू कर दी कि 2006 से उसे अधिक वेतन दिया गया है, और वसूली शुरू कर दी गई।




ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.
MULTI-SPECIALITY WING
Dr. Rajkumar Baranwal
Director &
Sr. Consultant Physician
M.B.B.S., M.D. (Internal Medicine)
Dr. Anindo Roy
MS, DNB (Neurosurgery)
Sr. Consultant Neurosurgery
Dr. Jayesh Sharma
MBBS, M.S (Mumbai), Fellowship in Surgical Oncology (AOA-Ahm), FMAS
Sr. Consultant Cancer Surgery
Dr. Abhijeet Kumar Kohat
MBBS, M.D , DM Neurology, Fellow - Parkinson's Disease and Movement Disorders
Sr. Consultant Neurologist
Dr. G.S. Chhabda
M.S., M.Ch. Plastic, Reconstructive and Cosmetic Surgery
Sr. Consultant Plastic Surgery
Dr. Akshat Jain
MBBS, M.D (General Medicine), D.M (Cardiology-MUHE, Nashik)
Consultant Interventional Cardiologist
Dr. Sanchita Nihal
MBBS, M.D Microbiology (LTMMC, Mumbai)
Sr. Consultant Microbiology
Dr. Shivendra Agrawal
MBBS, M.S, M.C.H (Andrology & Kidney Transplant. RMCH), FMAS, AMASI
Consultant Urologist
Dr. Zeel Sheth Agrawal
MBBS, M.S, DNB, FMAS, FIAGES, AMASI
Consultant Laparoscopic Surgery & Proctologist
Dr. Naman Pathak
MBBS, M.D (General Medicine) , D.M. Nephrology (AIIMS)
Consultant Nephrologist
Dr. Swayam Prakash Tripathy
MBBS, M.S. (Orthopaedics), Fellowship in Pediatric Orthopaedics (CMC Vellore)
Consultant Orthopaedics
Dr. Ankit Kumar Garg
MBBS, D.N.B (Orthopaedics), M.Ch. (Joint Replacement & Reconstruction, AIIMS)
Consultant Orthopaedics
Dr. Nadiya Mudin
MBBS, MD(Medicine), DM (Interventional Gastroenterology)
Consultant Gastroenterologist
Dr. Tushar Jain
MBBS, MD (Pulmonary Medicine)
Consultant Pulmonologist
Dr. Amit Kumar
MBBS, MS (ENT, AIIMS)
Consultant ENT
Dr. Mohini Kushwaha
MBBS, M.D Radiology (MAMC, New Delhi)
Consultant Radiologist
Dr. Nimisha Mishra
MBBS, M.D Radiology (GSVM, Kanpur), Fellowship in Neuro Radiology (AIIMS)
Consultant Radiologist
Dr. Neeraj Naik
MBBS, Diploma in Clinical Pathology
Consultant Pathologist
Dr. Rahul Singh
MBBS, M.D., IDCCM, IFCCM DrNB Critical Care
Consultant Intensivist
Dr. Avani Tiwari
MBBS, DA, DNB Anesthesiology
Consultant Anesthesiologist and Critical Care
Dr. Neetika Sahai
MBBS, MD, DNB, Diploma in European Society of Anesthesiology & Intensive care
Consultant Anesthesiologist and Critical Care
Dr. Milind Katawar
MBBS, M.D DrNB Critical Care, IFCCM, EDIC
Consultant Intensivist
Dr. Venkat
MBBS, DA, DNB
Consultant Anesthesiologist and Critical Care
Dr. Mayank Sonkar
MBBS, M.D , FIPM
Consultant Anesthesiologist, Critical Care & Pain Management
Dr. Richa Kashyap
MBBS, MEM (GWU-USA)
Consultant Emergency Medicine and Trauma Care
Dr. Sudeep Kashyap
MBBS, MEM (SEMI-CCTEM)
Jr. Consultant Emergency Medicine and Trauma Care
Dr. Saraswati Nag
MBBS, MEM (SEMI-CCTEM)
Jr. Consultant Emergency Medicine and Trauma Care
Dr. Khushboo Kumari
MBBS, MD (Medicine)
Jr. Consultant Medicine
VISITING CONSULTANT
Dr. Ashish Malhotra
MBBS, M.D (General Medicine), D.M (Cardiology)
Sr. Consultant Interventional Cardiologist
Dr. Vivian Rahim
MBBS, M.D (General Medicine)
Sr. Consultant Physician
Dr. Nishi Nagaria Sundrani
MBBS, MD (DVL)
Fellowship in Advanced Aesthetics and Hair Transplant
Consultant Dermatologist
350-Bedded State-of-Art Hospital
Robotic Rehabilitation
Cathlab
24x7 Laboratory
24x7 Radiology
Nutrition / Dietician
24x7 Pharmacy
Dialysis
24x7 ACLS Ambulance
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.
ITSA Kanha CHILDREN'S HOSPITALS
PEDIATRIC WING
Dr. Sachin Pitlawar
Director &
Sr. Consultant Neonatologist
MBBS, MD, FMUHS, PGPN, IPPN, Ipran, CGPUN
Prof. Dr. B.N. Rao
MBBS, MD, PGPN (Boston)
Sr. Consultant Pediatrician
Visiting
Dr. Sushma Naik
MBBS, DCH
Sr. Consultant Pediatrician
Dr. Samreen Yusuf
MBBS, M.D (Pediatrics), D.M (Pediatric Emergency Medicine, AIIMS)
Pediatric Intensivist
Dr. Swasti Keshri
MBBS, M.D (Pediatrics) , D.N.B. (Pediatrics), D.M. (Pediatrics Emergency Medicine)
Pediatric Intensivist
Dr. Shephali
MBBS, M.D (Anesthesia & Intensive Care) D.M (Pediatric Anesthesia & Intensive Care)
Pediatric Anesthesiologist
Dr. Archana Rai
MBBS, DNB (Pediatric), DM (Neonatology)
Consultant Neonatologist
Dr. Shreyansh Valjiyani
MBBS, DNB (Pediatric), Fellowship in Neonatology, PGPN (Boston)
Jr. Consultant Pediatrician
Dr. Rohan Gawai
MBBS, MD
Jr. Consultant Pediatrician
Dr. Satya Prakash Singh
MBBS , DCH
Jr. Consultant Pediatrician
Dr. Shishir Dahariya
MBBS, DNB (Pediatrics)
Jr. Consultant Pediatrician
PEDIATRIC SUPERSPECIALISTS
Dr. Pulak Parag
MBBS, M.S, MCH (Pediatrics Surgery)
Sr. Pediatric Surgeon
Dr. Rimjhim Shrivastava
MBBS, PGDMCH, DNB (Ped), Pediatric Gastroenterology, Chandigarh
Sr. Pediatric Gastroenterologist
Dr. Swayam Prakash Tripathy
MBBS, M.S. (Orthopaedics), Fellowship in Pediatric Orthopaedics
Consultant Orthopaedics
Dr. Anil Chauhan
MBBS, M.D (VNSGU, Surat), Fellowship in Pediatrics Cardiology
Pediatric Cardiologist
Dr. Tanmay Motiwala
MBBS, M.S, MCH (Pediatrics Surgery)
Pediatric Surgeon
Dr. Sonal Agarwal
BDS, MDS (Periodontist)
Consultant Dentistry
WELLNESS WING
(ROBOTIC PHYSIOTHERAPY)
Dr. Tanushree Neral (PT)
BPT, MPT, MSK (Gold Medal)
HOD, Senior Physiotherapist
Dr. Ajay Singh (PT)
BPT, MPT
Senior Physiotherapist
Dr. Shahin Quraishi (PT)
BPT, MPT (Neuro)
Physiotherapist
Dr. Ratna soni (PT)
BPT
Physiotherapist
Dr. Anuj Malviya (PT)
BPT
Physiotherapist
Dr. Riya Biswas (PT)
BPT
Physiotherapist
Dr. Bhupendra Dhruw (PT)
BPT
Physiotherapist
Dr. Deepti Singh (PT)
BPT
Physiotherapist
CHILD DEVELOPMENT CENTRE
Dr. Bhumika Soni (PT)
BPT, MPT (Neuro)
Physiotherapist
Eshika Jaiswal
M.Sc Psychology, DBT, CBT, PhD Scholar
Child Psychologist
Madhulika Dutta
M.Sc Clinical Psychology, CBT (Gold Medalist), ABA Therapist
Adult Psychologist
Jitesh Kumar
Master's in Speech and Language
Speech Therapist
Near Ambuja City Center Mall, Saddu, Raipur, Chhattisgarh 492014
+91 7880110000, +91 7880120000
www.itsahospitals.com

## हत्या को आत्महत्या बनाने की कोशिश, अंधेकत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुझाई

# मां की हत्या के आरोप में बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मर्दापोटी में नवाखाई के दिन द्रोपती सलाम अपने घर में मृत अवस्था में है, इसकी जानकारी ग्राम के सरपंच ने मृतिका के परिजनों को दिया। मृतिका के परिजन ने इसकी जानकारी सरपंच के साथ थाना पहुँचकर पुलिस को दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फारेंसिक टीम के साथ पूरे साक्ष्य को एकत्र किया। विवेचना में पुलिस को सुराग मिला कि हत्या की घटना को अंजाम छोटे बेटे ने दिया। पुलिस ने छोटे बेटे पर नजर रखी और उसकी संदिग्ध गतिविधियों से स्पष्ट हो गया कि हत्या छोटे बेटे ने किया। पुलिस ने छोटे बेटे को गिरफतार करके पूछताछ किया, कुछ देर इधर उधर की बात किया, अंत में हत्या करना स्वीकार कर लिया।

जानकारी के अनुसार मरदापोटी निवासी 40 वर्षीय दिनेश सलाम पिता जय सिंग सलाम ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 सितंबर को सायं 7 बजे ग्राम सरपंच राजेश भास्कर फोन कर बताया कि द्रोपती सलाम अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी है, तब मैं गांव के सरपंच, कोटवार एवं अन्य ग्रामीणो के साथ घर के अंदर जाकर देखा, मेरी चाची घर परछी में मृत हालत में पड़ी थी, उनके माथा में चोट का निशान था और जमीन में खून फैला हुआ था। उसकी चाची की मौत अज्ञात कारण से हुआ है कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर के मर्ग क्रमाक 132/25 धारा 194 बीएनएसएस की कायमी पश्चात जांच दौरान मृतिका द्रोपति सलाम पति स्व. जयराम सलाम उम्र 45 वर्ष निवासी मरदापोटी के शव पचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतिका द्रोपति सलाम की मृत्यु हत्या प्रकृति का होना लेख किया गया।



### गला दबाकर की हत्या

आरोपी छोटे बेटे ने पूछताछ पर पुलिस को बताया कि वह अपनी मां को नवाखाई खाने अपने बड़े पिता के घर नहीं जाने के नाम पर झगड़ा-बहस होने से एवं पूर्व में लगातार होते रहे झगड़े के कारण गुस्से में आकर आरोपी अनु सलाम अपनी मां के सिर में लकड़ी से वारकर एवं साड़ी से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया।

### आरोपी को भेजा गया जेल

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान पूरी जानकारी मिलने एवं गवाहों की उपस्थिति में सबूत को एकत्र करके 5 सितंबर को गिरफ्तार किया गया और इसकी जानकारी उसके परिजनों को दिया गया। आरोपी के पास से डंडा को भी जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## भानपुरी हत्याकाण्ड का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** सोमवार की आधी रात ग्राम भानपुरी में हुई बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या व लूट के मामले में पुलिस ने इस वारदात में शामिल आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकाण्ड का पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी कृतराम साहू पिता बिशाल राम उम्र 65 वर्ष व उसकी पत्नी रश्मि साहू सोमवार की रात्रि खाना खाकर सो गये थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी देर रात्रि लूट की नीयत से उसके घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर आलमारी से सोना-चांदी व नकदी की तलाश कर रहे थे, जिसका वृद्ध ने विरोध किया। इतने में आरोपियों ने धारदार हथियार से वृद्ध पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। खूनी वारदात को अंजाम देकर आरोपी आलमारी से सोने का झुमका, चांदी की पायल, 5 हजार रूपये व मोबाइल फोन लूटकर घर के पीछे वाले गेट से फरार हो गये। सूचना पर अर्जुनी पुलिस, एफएसएल की टीम, डाग स्क्वायड, प्रिंगर प्रिंट




एक्सपर्ट मौके पर पहुंच जांच में जुट गए। मृतक की पत्नी रश्मि साहू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103-1, 309-6, 310-3, 331-8, 49, 61, 238 बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। मुखबिर व तकनीकी साक्ष्य की मदद से पुलिस ने घटना के पांचवें दिन वारदात में शामिल भखारा क्षेत्र के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# माड़मसिल्ली बांध भरने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारी बारिश और बाढ़ की खबरों के बीच महानदी परियोजना के बांधों की प्यास अभी भी नहीं बुझी है। इस साल गंगरेल बांध से महानदी में पानी छोड़ने का खूबसूरत नजारा लोगों को देखने को मिलेगा कि नहीं लेकिन माड़मसिल्ली बांध के सायफन से पानी छूटने की संभावना बन रही है।

गंगरेल बांध में 90 प्रतिशत से अधिक जलभराव पखवाड़े भर से है। जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना को लेकर नदी किनारे के गांवों को अलर्ट कर रखा है। बांध से भरपूर मात्रा में सिंचाई पानी छोड़े जाने के कारण गंगरेल बांध में जलभराव की स्थिति यथावत बनी हुई है। शुक्रवार को गंगरेल बांध में 29.914 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बांध में पानी की आवक 9130 क्यूसेक तथा जावक 6239 क्यूसेक हो रही है। बांध को लबालब होने में दो फीट पानी की आवश्यकता है। बांध में क्षमता का 91.79 प्रतिशत जलभराव है। गर्मी के दिनों में पूरी तरह



खाली हो चुके माड़मसिल्ली बांध अब भरने की कगार पर है। महानदी के सहायक सिलियारी नदी पर स्थित माड़मसिल्ली बांध एशिया का पहला बांध है जिसमें आटोमेटिक सायफन स्पिलवे सिस्टम है। यह ब्रिटिशकाल में 1914 से 1923 के बीच बनाया गया है। इसमें 34 सायफन गेट है जो पानी का स्तर बढ़ने पर अपने आप खुल जाता है। बांध की जलभराव क्षमता 5.839 टीएमसी है। शुक्रवार को यहां 4.872 टीएमसी जलभराव है। माड़मसिल्ली बांध में पानी की आवक 1099 क्यूसेक तथा जावक जीरो है।

### दुधावा बांध आधा भर पाया

महानदी परियोजना के दूसरे सबसे बड़े बांध दुधावा की जलभराव क्षमता 10.192 टीएमसी है। यहां शुक्रवार को 5.392 टीएमसी पानी का रिकार्ड दर्ज किया गया है। पानी की आवक 555 क्यूसेक तथा जावक 80 क्यूसेक हो रही है। यहां जलभराव 52.15 प्रतिशत है। सिंचाई तथा पीने की पानी का आपूर्तिकर्ता दुधावा बांध का निर्माण 1953 से शुरु होकर 1964 में पूरा हुआ।

### सोंदूर बांध में 72% जलभराव

6.995 टीएमसी क्षमता वाले सोंदूर बांध में शुक्रवार को 5.242 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बांध में पानी की आवक- जावक 70 क्यूसेक हो रही है। क्षमता का 72.35 फीसदी जलभराव हुआ है। इस बांध का निर्माण 1988 में किया गया था।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
Since-2000 मारुति® मसाज ओइल
झटपट दिलाये आराम
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

# दामाद ने की सास की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

गुरुवार को नगरी ब्लाक के ग्राम हिंछापुर सांकरा में दामाद सुरेश कुमार कमार ने शराब के नशे में अपनी सासू मां जागोतीन बाई कमार उम्र 52 वर्ष पति बलुकू राम कमार की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

- हिंछापुर सांकरा की घटना, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

घटना दोपहर 1:30 की है । दामाद सुरेश कुमार ने मामूली विवाद को लेकर अपनी सास जागोतीन बाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उस समय वह अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी। जागोतीन बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया । वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की काफी



भीड़ लगी हुई थी। आरोपी सुरेश कुमार कमार ग्राम कोटाभर्री निवासी है जो दो वर्षों से अपने पत्नी के साथ अपने ससुराल में रह रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार नशे में आए दिन लड़ाई झगड़ा करता है। इससे पहले भी उसने अपने ससुर बलुकू राम कमार के साथ मारपीट की थी। वह नशे में रहकर गाली-गलौज करता रहता है जिससे ग्रामवासी भी काफी परेशान हैं।

हरिभूमि THE DIAGNOSTIC CARE
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पताः सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्पलेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

# 45 लाख से अधिक का गांजा मलगेर नदी के करीब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र से पुलिस ने 45 लाख रूपए से अधिक का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। अज्ञात तस्करों द्वारा एनएच 30 स्थित मलगेर नदी के करीब झाड़ियों में छुपाकर रखा गया था। केरलापाल पुलिस ने 455.110 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 45 लाख 51 हजार 100 रूपए का गांजा बरामद किया है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि अज्ञात गांजा तस्करों द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री एवं परिवहन करने केरलापाल एनएच 30 मलगेर नदी पुल के पास

- एनएच 30 स्थित केरलापाल के करीब नदी पुल के पास छुपाकर रखा गया था
- अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज




छिन्द झाड़ के नीचे झाड़ियों में छुपाकर रखा गया था। सूचना पर एएसआई ओमप्रकाश यादव थाना केरलापाल के नेतृत्व में टीम गठित कर रेड कार्रवाई की गई। मौके पर 89 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 455.110 किलो बरामद किया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कोटाभर्री के तालाब में डूबने से मासूम की मौत

**नगरी।** नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटाभर्री में एक चार वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक बालक की पहचान गरम लाल कमार पिता राजेश मरकाम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बालक बीते बुधवार को घर से खेलने के लिए तालाब के पास गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवारजन और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की।

गुरुवार शाम लगभग 4 बजे तालाब में तैरता हुआ एक शव दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर वह शव गरम लाल का ही निकला। अचानक हुई इस घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नगरी सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुकान को लेकर विवाद, बागबाहरा में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में दुकान को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को कुंदन प्रसाद गुप्ता बागबाहरा निवासी वार्ड नंबर 9 ईदगाह भांठा पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि उसके पिता के कब्जे की जमीन जिसे करीब 30 साल से ग्राम नवागांव कला पटवारी हल्का नंबर 65 खसरा नंबर 85/5 रकबा 0.170 हेक्टेयर को कब्जा कर दुकान का निर्माण किया गया था, इस जमीन का मामला अपर आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर में निर्मला कुमारी देवी बेवा ठाकुर भानुप्रताप सिंह निवासी कोमाखान के साथ विचाराधीन है। दुकान खाली पड़ी थी, जिस पर नकुल गुप्ता का बेटी दामाद राजा गुप्ता ने करीबन 02 माह पूर्व कब्जा कर लिया, इस कब्जे को लेकर उन लोगों का विवाद राजा गुप्ता एवं उसके परिवार के लोगों के साथ चल रहा था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style

# अनन्या

## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत



अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




# दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स'शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।'इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स'इस सीरीज का अंतिम भाग है।



# मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



# किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

## टीवी मसाला



# बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

## कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे।



कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

# कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

# द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स'शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं।क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### सेल का आर्ट ऑफ लिविंग के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने कर्मचारियों के संपूर्ण कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक समझौता किया है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर तीन सितंबर, 2025 को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हस्ताक्षर किए गए।

### बाटा ग्राहकों को दे रहा जीएसटी कटौती का लाभ




**कोलकाता।** जूता-चप्पल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बाटा इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 'बाटा प्राइस प्रॉमिस'' पहल पेश की है। इसके तहत 22 सितंबर से शुरू होने वाली आधिकारिक पेशकश से पहले 1,000 रुपये से कम कीमत वाले फुटवियर पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।

### टीसीएस ओडिशा सरकार के लिए बनाएगी आईएफएमएस




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को ओडिशा सरकार ने कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए चुना है। टीसीएस ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि 'आईएफएमएस 3.0' ओडिशा के व्यापक सार्वजनिक वित्तीय कामकाज को स्वचालित करेगी।

### 'नथिंग' इस साल भारत में अपना पहला स्टोर खोलेगी



**नई दिल्ली।** लंदन स्थित उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'नथिंग' इस साल भारत में अपना पहला स्टोर खोलेगी जबकि इसका सहयोगी ब्रांड सीएमएफ यहां पर अपना वैश्विक मुख्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नथिंग का स्मार्टफोन 'फोन (3)' भारत में ही बनाया जा रहा है और अब इसका निर्यात भी शुरू हो गया है।

### अगस्त में आधार के जरिए सत्यापन 10 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** देश में आधार के जरिये सत्यापन संबंधी लेनदेन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 221 करोड़ हो गया। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी दी। यूआईडीएआई ने कहा कि आधार के जरिये चेहरा सत्यापन संबंधी गतिविधियों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

### पीईपी ब्रांड्स का 35 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य : सीईओ




**नई दिल्ली।** एमकैफीन एवं हाइफेन जैसे ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी पीईपी ब्रांड्स ने देश में ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते रुझान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। पीईपी ब्रांड्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण शर्मा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि भारत में डिजिटल के प्रति रुझाव से सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों की खपत बढ़ रही है।

# जीएसटी दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती : विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- इनमें अब कर की दरें पांच और 18 फीसदी होगी

सरकार के आवश्यक दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। जीएसटी परिषद ने बुधवार को सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत के चार स्लैब को घटाकर केवल दो करने का फैसला किया। इनमें कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी तथा अति-विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर होगी।

## दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों के दरों में की कटौती

### देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम

ओझा ने कहा, यह कमजोर तबके के लोगों के लिए उपचार अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारस हेल्थ के मुख्य परिचालन अधिकारी (ग्रुप) विनीत अग्रवाल ने कहा, जीएसटी सुधार भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### परिवर्तनकारी उपलब्धि : रीजेंसी हेल्थ

रीजेंसी हेल्थ के सीईओ अभिषेक कपूर ने कहा, '' ये जीएसटी सुधार स्वास्थ्य सेवा की सामर्थ्य में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। खासकर उन मरीजों के लिए जो पुरानी और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। 33 जीवन रक्षक दवाओं और कैंसर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं पर जीएसटी खत्म करने से इलाज की लागत का बोझ काफी हद तक कम हो गया है।

*वित्तीय दबाव कम किया : मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, सुधारात्मक उपकरण और व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटा सरकार ने परिवारों पर वित्तीय दबाव कम किया है और गुणवत्तापूर्ण देखभाल को और अधिक सुलभ बनाया है।*

### दवाओं पर जीएसटी अब पांच फीसदी

*इन सुधारों के तहत सभी दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियों जैसी आपूर्तियों पर कर 12 प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत किया गया है।*

### स्वास्थ्य सेवाएं होगी किफायती : ओझा

*आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा, '' स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है।*

## सीबीआईसी के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# सरकार सुनिश्चित करेगी, जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चेयरमैन ने कहा, ''सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।''

### चार स्लैब की जगह अब दो स्लैब

अग्रवाल ने यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया।

### रोजमर्रा के सामानों पर दरें कम की गई

*अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। तंबाकू और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों पर दरें कम की गयी हैं।*




- मंत्रालय एवं संबंधित विभागों के साथ नजर रखी जा रही
- सरकार कटौती का लाभ दिलवाने काम कर रही
- प्रक्रिया को सरल बनाने से विवाद में कमी आएगी

### दरों को युक्तिसंगत बनाया गया

विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे।'' पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

### जल्द सुधार लागू करने की मांग

रिफंड, पंजीकरण प्रक्रियाओं को तेज और सरल बनाया गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। नयी दरों के दिवाली से पहले लागू करने के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक दरों में कटौती की उम्मीद में अपनी खरीदारी टाल रहे थे और उद्योग जगत से जल्द कर सुधार लागू करने की मांग आने लगी थी।

### एमआरपी का मामला सुलझ जाएगा

अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति श्रृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी।''

### प्रतिस्पर्धा के कारण लाभ तुरंत मिलेगा

अग्रवाल ने कहा, ''चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुरंत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें।''

### कीमतों के रुख पर कड़ी नजर

अग्रवाल ने कहा, ''हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।' सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, ''अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे।

## सेबी ने अपने नाम से हो रहे फर्जीवाड़ा को लेकर निवेशकों को किया आगाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें
- व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे। कुछ मामलों में तो इन धोखेबाजों ने सेबी के नाम से फर्जी नोटिस जारी कर अनुपालन सेवाओं, दंड या जुर्माना भरने के नाम पर धन की भी मांग की। सेबी ने एक बयान में कहा, ''भोले-भाले निवेशक इन धोखेबाजों पर




विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।''

### प्रामाणिकता जरूर जांच ले

उसने लोगों से अधिक सतर्क रहने का आह्वान किया। नियामक ने निवेशकों से कहा है कि वे किसी भी सूचना या भुगतान संबंधी संदेश की प्रामाणिकता जरूर जांच लें और गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी से आए संदेशों का जवाब न दें। निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी ने स्पष्ट किया कि उसके सभी प्रवर्तन कार्रवाई के विवरण उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### सेबी को भुगतान उसके लिंक पर ही किए जाए

सेबी को किसी भी निपटान या वसूली संबंधी भुगतान केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिये ही किए जा सकते हैं। बयान के मुताबिक, सेबी से आने वाले असली ई-मेल केवल उन पते से भेजे जाते हैं, जिनके अंत में सेबी.गॉव.इन लिखा होता है। इसके अलावा सेबी के कार्यालयों के पते भी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स के निचले व ऊपरी स्तर में 715 अंक का फासला रहा
- तेल, गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को मामूली बदलाव के साथ लगभग स्थिर बंद हुए।
इस दौरान तेल एवं गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में गिरावट देखी गई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयरों में बढ़त जबकि 16 शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला लेकिन जल्द ही यह नुकसान में चला गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर था, लेकिन उसके बार सुधार आने से गिरावट की भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के निचले और ऊपरी स्तर के बीच 715.37 अंक का फासला रहा। दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 6.70 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.34 प्रतिशत और मारुति 1.70 प्रतिशत बढ़े। पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इटर्नल में भी तेजी रही।

### बाजार की धारणा सकारात्मक रही

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''समर्थन स्तरों पर खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक दिन के निचले स्तर से उबर सके, जिससे बाजार की धारणा थोड़ी सकारात्मक हुई। मांग में सुधार के चलते वाहन क्षेत्र में बढ़त जारी रही।''

## दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी घटने से किसानों को लाभ



**चेन्नई।** मिल्की मिस्ट डेयरी फूड लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. रत्नम ने कहा कि विभिन्न दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने के फैसले से उपभोक्ताओं और किसानों को दूरगामी लाभ होगा। रत्नम ने कहा कि इस कदम से पनीर, मक्खन, घी, पनीर जैसे पौष्टिक, मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद अधिक '' सस्ते '' होंगे। उन्होंने कहा, '' दुग्ध क्षेत्र के लिए यह एक समयोचित प्रोत्साहन है जो मांग को प्रोत्साहित करेगा, नवाचार को प्रोत्साहित करेगा और औपचारिक, संगठित दुग्ध परिवेश को मजबूत करेगा। मिल्की मिस्ट में हम इसे केवल कर सुधार से कहीं बढ़कर, समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में देखते हैं।''

## सोना 900 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब और चांदी स्थिर

- सोना बढ़कर 1,06,970 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब 1,06,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा 16-17 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प चुनने की संभावना के बीच तेजी को गति मिल रही है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 900 रुपये बढ़कर 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सराफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

## ओयो का लाभ दोगुना, 1:1 बोनस शेयर का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन को भेजे एक ईमेल में बताया कि मजबूत राजस्व वृद्धि से पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 200 करोड़ रुपये रहा। इस ईमेल की प्रति मौजूद है। इसके अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में कंपनी का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 2,019 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,371 करोड़ रुपये था। राजस्व वृद्धि की मुख्य वजह होटल 'इन्वेंट्री' का प्रीमियमीकरण और कमरों का बेहतर उपयोग है। ओयो ने पिछले वर्ष की इसी (अप्रैल-जून) तिमाही में 87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी मांगी है, जिससे इसकी अधिकृत शेयर पूंजी दोगुनी होकर 24,31,13,59,300 रुपये हो जाएगी।

## उज्जवल ज्वेलर्स ने पेश किया बेस्ट वैल्यू ऑफर, कम मेकिंग चार्जेस में खरीदें गहने

- सीमित समय के लिए खास ऑफर, प्री-बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध

**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित और विश्वसनीय ब्रांड उज्जवल ज्वेलर्स ने इस त्योहारी सीजन को खास बनाने के लिए अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर की घोषणा की है। इस नए बेस्ट वैल्यू ऑफर के तहत अब ग्राहक सोने और हीरे के गहनों की खरीद पर बेहद कम मेकिंग चार्जेज का लाभ उठा सकते हैं, जिससे गहनों की खरीद और भी किफायती और फायदेमंद हो जाएगी। उज्जवल ज्वेलर्स द्वारा जारी किए गए विवरण के अनुसार, अब 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 16 प्रतिशत मेकिंग चार्ज, 22 कैरेट ज्वेलरी पर केवल 8 प्रतिशत मेकिंग चार्ज और डायमंड ज्वेलरी पर भी मात्र 8 प्रतिशत मेकिंग चार्ज लिया जाएगा। यह ऑफर सीमित समय के लिए ही उपलब्ध है, ग्राहकों को प्री-बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है।

ब्रांड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह पहल ग्राहकों को बेहतर वैल्यू प्रदान करने और उन्हें उनकी पसंद के गहने अधिक किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उज्जवल ज्वेलर्स की पहचान वर्षों से गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वास के प्रतीक के रूप में रही है।

# टाटा मोटर्स के यात्री वाहन 1.45 लाख तक होंगे सस्ते

- यह कटौती 22 सितंबर से लागू होगी
- यात्री वाहनों में कम से कम कटौती 65 हजार की होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को कहा कि वह जीएसटी दर में हुई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देने के इरादे से अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 65,000 रुपये से लेकर 1.45 लाख रुपये तक की कटौती करेगी।

कंपनी ने कहा कि यात्री वाहनों की कीमतों में यह कटौती 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएगी। कंपनी का यह फैसला जीएसटी परिषद के बुधवार को लिए गए फैसले के अनुरूप है। इसमें यात्री वाहनों के लिए कर की दरों में कटौती का फैसला किया गया था। मुंबई स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स की छोटी कार टियागो अब 75,000 रुपये सस्ती हो जाएगी जबकि टिगोर के दाम में 80,000 रुपये और अल्ट्रोज के दाम में 1.10 लाख रुपये की कटौती होने जा रही है। इसी तरह कॉम्पैक्ट एसयूवी 'पंच' की कीमत 85,000 रुपये और नेक्सॉन की कीमत 1.55 लाख रुपये तक घट जाएगी। कंपनी के मिड-साइज मॉडल 'कर्व' की कीमत में 65,000 रुपये की कमी होगी। वहीं, प्रीमियम एसयूवी मॉडल 'हैरियर' और 'सफारी' की कीमतों में क्रमशः 1.4 लाख रुपये और 1.45 लाख रुपये तक की कटौती की जाएगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, ''प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण, वित्त मंत्री की मंशा और हमारी 'ग्राहक प्रथम' नीति के अनुरूप, टाटा मोटर्स इस कर सुधार का पूरा लाभ ग्राहकों को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।'चंद्रा ने कहा कि जीएसटी कटौती से टाटा मोटर्स की लोकप्रिय कारें और एसयूवी ज्यादा ग्राहकों की पहुंच में आएंगी, जिससे पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को मदद मिलेगी और नए युग के परिवहन की तरफ बदलाव को गति मिलेगी। नई कर व्यवस्था के तहत 1,200 सीसी तक के पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहन और 1,500 सीसी तक के डीजल वाहन (लंबाई 4,000 मिमी से कम) 18 प्रतिशत की दर से कराधान में आएंगे।

### 1200 सीसी से अधिक पर 40 फीसदी कर

हालांकि 1,200 सीसी से अधिक इंजन क्षमता और 4,000 मिमी से लंबी गाड़ियों पर 40 प्रतिशत का कर लगेगा। जीएसटी परिषद का यह फैसला 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू होने वाला है।

## एनआईआरएफ 2025 रैंकिंग में एसओए विवि को देश में 15वां स्थान

- चिकित्सा और इंजीनियरिंग में बड़ी छलांग



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को एक बार फिर साबित करते हुए, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित 2025 की राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में एसओए को देशभर में समग्र रूप से 15वां स्थान प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह रैंकिंग शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार की उपस्थिति में जारी की। विश्वविद्यालय को समग्र श्रेणी में देश का 25वां सर्वश्रेष्ठ संस्थान माना गया है। चिकित्सा श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 21वें से 15वें स्थान पर पहुंचते हुए जबरदस्त प्रगति की है, वहीं इंजीनियरिंग में 26वें से बढ़कर 22वें स्थान पर पहुंचा है। इसके अलावा, दंत चिकित्सा और विधि में एसओए ने क्रमशः 9वां और 10वां स्थान हासिल किया है, जो इसे देश के टॉप 10 संस्थानों में बनाए रखता है। एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए सभी संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों की सराहना की और एसओए को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा ने विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया।

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी।

## खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें

सबालेंका ने पेगुला पर
4-6
6-3
6-4
से हासिल की जीत



### अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

### अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली।

दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

## 27 साल बाद जीती सीरीज



एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

## दलीप ट्रॉफी: दोहरे शतक से चूके जगदीशन, साउथ जोन ने लगाया रनों का अंबार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

नारायण जगदीशन (197 रन) अपना दोहरा शतक पूरा करने से महज तीन रन से चूक गए, जिससे दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 536 रनों का प्रभावशाली स्कोर बनाया। दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 297 रन से करने के बाद दक्षिण क्षेत्र ने पूरे दिन (88.2 ओवर) बल्लेबाजी की लेकिन बाकी विकेट खोकर केवल 239 रन ही बना सका। जगदीशन ने रन आउट होने से पहले 352 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के लगाए।



### भुई ने संभाली पारी

जगदीशन एक रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए। लंच के बाद के सत्र में भुई ने पारी को संभाला। लेकिन स्पिनर निशांत सिंधु (125 रन देकर पांच विकेट) की गेंद पर बल्ले का किनारा छुआकर प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान अंकित कुमार के हाथों कैच आउट हो गए।

### नार्थ जोन को मिला बड़ा टारगेट

दक्षिण के बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके लेकिन टीम को सराहनीय स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के पास अब पहली पारी में 537 के स्कोर तक पहुंच कर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरे दो दिन हैं। दिन की शुरुआत में दक्षिण के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (11) दूसरी ही गेंद पर मध्यम गति के गेंदबाज अंशुल कंबोज (24 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट हो गए। रिकी भुई (54 रन) और जगदीशन ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी निभाई।

### रोस टेलर ने बदला संन्यास का फैसला



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे। झिंगन को एक सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी। भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे।

एनएमडीसी
NMDC
एन एम डी सी लिमिटेड
NMDC Limited
(भारत सरकार का उद्यम) (A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)
पंजीकृत कार्यालय : 'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद - 500028
Regd. Office: 'Khanij Bhavan', 10-3-311/A, Castle Hills, Masab Tank, Hyderabad-500028 नैगम पहचान सं / Corporate Identity Number : L13100TG1958 GOI 001674

क्र. /(102)/डब्लू. र. /2025 दिनांक: 05.09.2025

:: सूचना ::

एनएमडीसी लिमिटेड भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ने अपनी बैलाडीला लौह अयस्क खदान, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स, दंतेवाड़ा, (छत्तीसगढ़) और डोनीमलाई लौह अयस्क खदान, डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स बेल्लारी, (कर्नाटक) के लिए विभिन्न श्रमिक ग्रेड पदों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करने हेतु रोजगार अधिसूचना संख्या 03/2025, दिनांक : 22.05.2025 जारी की हैं।

यह संज्ञान में आया हैं कि उपरोक्त रोजगार अधिसूचना के सम्बन्ध में, कुछ धोखेबाज एनएमडीसी लिमिटेड में रोजगार के अवसरों का झूठा वादा करके उम्मीदवारों को धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। सर्व संबंधितों को यह सूचित किया जाता है कि वे ऐसे धोखाधड़ी के दावों या नकदी या वस्तु के बदले में रोजगार का वादा करने वाले व्यक्तियों के झांसे में न आएं।

इस संबंध में, ज्ञात हो है कि एनएमडीसी भर्ती परीक्षा में निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रश्नपत्रों के उत्तरों का मूल्यांकन कम्प्यूटर के माध्यम से किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा (ओएमआर/सीबीटी) में प्राप्त अंकों तथा द्वितीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

अतः उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऐसे अवांछित तत्वों तथा नौकरी दिलाने वाले लोगों से सावधान रहें तथा उनके जाल में फंसकर धोखाधड़ी का शिकार न बनें।

यदि किसी अभ्यर्थी को कोई संदिग्ध व्यक्ति/संचार मिले तो कृपया इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन अथवा एनएमडीसी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को दें, जिनका विवरण एनएमडीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

सतर्क रहें। भर्ती धोखाधड़ी से स्वयं को बचाएं।

एनएमडीसी लिमिटेड प्रबंधन द्वारा जनहित में जारी

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
आम सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर मुख्य शाखा, रायपुर/शंकर नगर शाखा, भिलाई शाखा** तथा **बिलासपुर शाखा** द्वारा **20.09.2025** या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| हेमलता सिंह | 14456400006985, 14456400007017 |
| अजीत कुमार झा | 14456100039062 |

नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी।
रायपुर मुख्य शाखा - एलसी आर्केड, भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक, रामकुण्ड, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) - 492001, फोन नं. - 0771-2236278

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| अमित ताम्रकार | 19456400018233 |
| सुरेन्द्र सिंह बेनीपाल | 19455600002294, 19455600002336 |
| दीपक क्षत्रे | 19456400017722 |
| हेमलता सिंह | 19456900000723 |

नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी।
रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492007, फोन नं. 07712422900

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| निधि | 25036400003286, 25036400003294, 25036400003484, 25036400003526, 25036400003666 |
| नेहा चौधरी | 25036400002361 |
| गीता साहू | 25036400003492 |
| समीर कुमार भारती | 25036900000196, 25036900000238 |
| नूतन देवी सिंह | 25036400003617 |
| मुस्कान दुबे | 25036400003674 |
| दीपक कुमार सिंह | 25036400003682, 25036400003690, 25036400003757 |
| हनशेश्वरी राणा | 25036400003708 |
| रामेश्वर सिंह | 25036400003336, 25036400003344 |

नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी।
भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.)-490023

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| एस.के. जहांगीर अली | 16666400035564 |
| जय प्रकाश कौशिक | 16666400046066, 16666400048161, 1666640004827, 16666900002932, 16666900002940, 16666900003047 |
| मोहसिन खान | 16666400050555 |

नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी।
बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462

# ITSA HOSPITALS

## MULTI- SPECIALITY SERVICES

Critical care & Trauma
General Medicine
Cardiology / CTVS
Neurology
Nephrology
Urology
Gastroenterology / Laparoscopic Surgery
Orthopedics
Arthroscopic and Joint Replacement
Ear, Nose and Throat (ENT)
Dental
Ophthalmology

## PEDIATRICS SERVICES

## 90 NICU BEDS | 30 PICU BEDS

Neonatology
NICU
PICU
Pediatric Superspecialities
Vaccination
Emergency and Trauma Care

## WELLNESS & REHABILITATION SERVICES

Comprehensive Physiotherapy
Rehabilitation
Child Development Centre
Garbhsanskar
Complete Full Body Checkups

Reach us at:

AMBULANCE

**24x7 ACLS Ambulance Services**

**+91 7880 150000**

Near Ambuja City Center Mall, Saddu, Raipur, Chhattisgarh 492014
+91 7880110000, +91 7880120000
www.itsahospitals.com


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com